Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 95 | सोमवार, 07 अप्रैल-2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी ने सीएम स्टालिन पर कसा तंज

# 'तमिल भाषा में हस्ताक्षर भी नहीं करते तमिलनाडु के नेता'



नई दिल्ली।

मोदी ने त्रिभाषा फामूर्ले से जुड़े विवाद पर तमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर तंज कसा और कहा कि केंद्र सरकार के पास चेन्नई से रोज कई चिट्ठियां आती हैं, लेकिन हैरत होती है कि उनपर तमिलनाडु के नेता तमिल में हस्ताक्षर भी नहीं करते। पीएम ने स्टालिन सरकार से आग्रह किया कि तमिलनाडु में भी मेडिकल की पढ़ाई स्थानीय तमिल भाषा में कराने का प्रबंध होना चाहिए।

रामेश्वरम (तमिलनाडु) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में 700 करोड़ की लागत से बने एशिया के पहले वर्टिकल सी ब्रिज का रविवार को उद्घाटन किया और रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। रामनवमी के दिन हुए इस आयोजन के दौरान उन्होंने अयोध्या से रामेश्वरम तक उत्तर से दक्षिण एक भारत की पहचान को भगवान श्रीराम से जोड़ा। कहा कि कुछ घंटे पहले ही अयोध्या के भव्य मंदिर में सूर्य की किरणों ने श्रीराम को तिलक किया है। उपस्थित जनसमूह से उन्होंने जय श्रीराम के नारे भी लगवाए। केंद्र की ओर से तमिलनाडु को 11 मेडिकल कॉलेज दिए गए हैं। अब डाक्टर बनने के लिए विदेश जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। मोदी ने पंबन ब्रिज को तकनीक और विरासत का संगम के साथ-साथ इससे जुड़े तीन संयोग बताए। उन्होंने कहा कि रामनवमी के मौके पर रामेश्वरम में पंबन ब्रिज के उद्घाटन के साथ-साथ भाजपा का स्थापना दिवस भी है। मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए भावुक पल है। सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के जिस लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं, उसमें भाजपा कार्यकताओं का परिश्रम शामिल है तथा कई पीढ़ियां खप गई हैं। पीएम मोदी ने दावा किया कि शानदार माडर्न आधारभूत संरचना के देज विकास के चलते पिछले दस वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था दोगुनी बढ़ी है। निर्माण कार्य बड़े पैमाने पर चल रहे हैं। दक्षिण में पंबन ब्रिज के अलावा जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक चेनाब ब्रिज का निर्माण हुआ है। मुंबई में देश का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु और पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज का निर्माण हुआ है। मोदी ने केंद्र सरकार द्वारा तमिलनाडु में कराए जा रहे कार्यों को गिनाया। कहा कि पिछली यूपीए सरकार की तुलना में एक दशक में तमिलनाडु के विकास के लिए तीन गुना ज्यादा पैसा दिया गया है। कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पीएम मोदी ने बताई पंबन ब्रिज की विशेषता

*पंबन ब्रिज की विशेषता और जरूरत बताते हुए मोदी ने कहा कि रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला यह पुल वैश्विक मंच पर भारतीय इंजीनियरिंग की बड़ी उपलब्धि के रूप में खड़ा है। इसके नीचे से बड़े जहाज भी आसानी गुजर सकेंगे। ट्रेनें तेजी से दौड़ सकेंगी। नई ट्रेन सेवा रामेश्वरम को चेन्नई के साथ देश के अन्य हिस्सों से भी जोड़ेगी। इससे तमिलनाडु में व्यापार–रोजगार और पर्यटन में वृद्धि होगी। पुल की लंबाई 2.08 किमी है। इसमें 99 स्पैन और 72.5 मीटर का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है जो 17 मीटर तक ऊपर उठता है, जिससे जहाजों की आवाजाही की सुविधा मिलती है और साथ ही निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है।*

### 'संसद ने बनाए हैं सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाले कानून'

## ओम बिरला बोले-'संविधान में सभी नागरिकों को समान मानने की भावना'

नई दिल्ली।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि संसद ने हाल के वर्षों में सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाले कई कानून बनाए हैं। भारतीय संविधान में सभी नागरिकों को समान मानने, उन्हें समान अवसर देने और वंचित और पिछड़े वर्गों को प्रगति की मुख्यधारा में शामिल करने की भावना है।

उज्बेकिस्तान के ताशकंद में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं बैठक में सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय प्रयास विषय पर अपने संबोधन में बिरला ने ये बातें कहीं। संसद ने देश के सभी वर्गों के नागरिकों को संरक्षित करने के उपाय किए बिरला ने कहा कि हमारी संसद ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016; ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिकारों का संरक्षण अधिनियम तथा जैसे कानून तथा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाला कानून बनाकर देश के सभी वर्गों के नागरिकों को संरक्षित करने के उपाय किए हैं। साथ ही असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए नए श्रम कानून बनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमने भारतीय दंड संहिता को भारतीय न्याय संहिता से बदलकर न्याय की प्राथमिकता को स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि संसद की विभिन्न समितियां, जिन्हें अक्सर मिनी संसद कहा जाता है संसद और सरकार के प्रयासों के पूरक के रूप में काम करती हैं।

## बंगाल में रामनवमी के जुलूस पर हमला!

कोलकाता।



बंगाल में रविवार को पूरे दिन इस बार राज्यभर में शांतिपूर्वक रामनवमी उत्सव मनाए जाने के बीच देर शाम कोलकाता के मुस्लिम बहुल पार्क सर्कस इलाके में एक शोभायात्रा से वापस लौटते समय हिंदू श्रद्धालुओं पर कथित हमले की घटना से आरोप प्रत्यारोप तेज हो गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने देर शाम एक्स पर एक पोस्ट कर आरोप लगाया कि पार्क सर्कस में सेवन प्वाइंट के पास शोभायात्रा से लौटते वक्त भगवा झंडा ले जाने के कारण हिंदुओं पर बर्बर हमला किया और वाहनों पर पत्थर बरसाए गए। कारों के शीशे तोड़ दिए गए। अराजकता फैलाई गई। उन्होंने दावा किया कि यह लक्षित हिंसा थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां मौजूद रहने के वाबजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही और तमाशा देखती रही। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त ममता बनर्जी की पुलिस ने निर्दोष हिंदुओं की रक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

## सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर गुजरात ने लगाई जीत की हैट्रिक



नई दिल्ली।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से मात दी। टॉस जीतकर सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बनाए। जिसके बाद जीटी ने निर्धारित 16.4 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर बेहतरीन जीत अपने नाम की।

आईपीएल 2025 के 19वें मैच सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच गया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से मात दी। टॉस जीतकर सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते

### ■ साई सुदर्शन 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे

हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बनाए। जिसके बाद जीटी ने निर्धारित 16.4 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर बेहतरीन जीत अपने नाम की। गुजरात की ये जीत की हैट्रिक है जबकि एसआरएच की ये लगातार चौथी हार है। 153 रनों का पीछा करते हुए गुजरात की शुरूआत धीमी रही। जहां 15 रन के स्कोर पर टीम ने पहला विकेट गंवाया। इसके बाद जोस बटलर अपना खाता भी नहीं खोल पाए। वॉशिंगटन सुंदर 29 गेंद में 49 रन बनाकर आउट हुए। अनिकेत ने उनका शानदार कैच लपका। कप्तान शुभमन गिल 43 गेंद में 61 रन बनाकर नाबाद लौटे।

## रामनवमी पर 2 लाख दीयों से जगमगा उठी अयोध्या

नई दिल्ली।



भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या एक बार फिर आस्था और श्रद्धा की रोशनी में नहाई हुई है। रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या में 2 लाख दीये जलाए गए हैं।

अयोध्या का चप्पा-चप्पा दिव्य और भव्य नजर आ रहा है। रामनवमी के मौके पर अयोध्या में भव्य तस्वीरें दिख रही हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। ठीक 12 बजे रामलला के जन्मोत्सव के बाद उन्हें भगवान भास्कर ने सूर्य तिलक लगाया। प्रभुराम की नगरी अयोध्या में भक्त जय श्री राम के नारों के साथ रामलला के दर्शन के लिए कतार में लगे नजर आए। सुबह से श्रद्धालु पवित्र यमुना में डुबकी लगाने के बाद मंदिर की ओर बढ़े। सभी के मन में एक ही इच्छा कि बस एक बार रामलला के दर्शन हो जाएं। आपको बता दें कि अयोध्या को फूलों से सजाया गया और सुरक्षा के भी फूल प्रूफ इंतजाम किए गए। आज रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए।

### वेस्ट बैंक जा रहीं दो ब्रिटिश सांसदों को इजरायल ने हिरासत में लिया

**लंदन।** इजरायल ने रविवार को दो ब्रिटिश सांसदों को एयरपोर्ट पर रोककर उन्हें हिरासत में ले लिया। दोनों महिला सांसद संसदीय दल के साथ फलस्तीनी बहुल वेस्ट बैंक के दौरे पर जा रही थीं। ब्रिटेन ने इजरायल के इस कदम को अस्वीकार्य बताया है। इंग्लैंड की शेफील्ड सेंट्रल सीट से निर्वाचित अब्दीसम मुहम्मद और इयर्ले की सांसद युआन यांग ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट संयुक्त बयान में कहा है कि वे इस अप्रत्याशित स्थिति से चकित हैं।

## नहीं सुधर रहा बांग्लादेश, पीएम मोदी से मुलाकात के बाद क्या झूठ फैलाने लगे यूनुस!

नई दिल्ली।



शेख हसीना के बांग्लादेश में प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया था। लेकिन जैसा की बांग्लादेश की अंतरिम सरकार रोजाना कोई न कोई विवाद खड़ा करती है तो इस मुलाकात के बाद भी ऐसा की कुछ देखने को मिला।

थाइलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस की मुलाकात हुई थी। इस बैठक में पीएम मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेष रूप से हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की गहरी चिंता व्यक्त की थी। इसके अलावा शेख हसीना के बांग्लादेश में प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया था। लेकिन जैसा की बांग्लादेश की अंतरिम सरकार रोजाना कोई न कोई विवाद खड़ा करती है तो इस मुलाकात के बाद भी ऐसा की कुछ देखने को मिला। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुर्रआलम ने एक पोस्ट लिखकर नया विवाद खड़ा कर दिया है।

## अमेरिका में तूफान और बाढ़ का कहर, पानी में रेल पुल बहा, अब तक 16 की मौत



डायर्सबर्ग।

अमेरिका के दक्षिणी और मध्य-पश्चिमी इलाकों में तूफान और अचानक आई बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। इसके कारण 16 लोगों की मौत हो गई। बाढ़ का पानी अचानक सड़कों पर आ जाने के कारण वाहन बह गए। इसने रेलवे पुल को भी नुकसान पहुंचाया है।

मौसम के और खराब होने की आशंका है। मौसम विज्ञानियों ने शनिवार को कहा कि बुधवार से केंटकी के कुछ हिस्सों में 30.5 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है, जबकि अर्कांसस और मिसौरी के कुछ हिस्सों में 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हुई है। इस मौसम के लिए गर्म तापमान, अस्थिर वातावरण, तेज हवा के झोंके और खाड़ी से आने वाली प्रचुर मात्रा में नमी जिम्मेदार है। इससे आने वाले दिनों में जलमार्गों का जलस्तर और बढ़ सकता है। लुइसविले के मेयर क्रेग ग्रीनबर्ग ने कहा कि ओहियो नदी का जलस्तर 24 घंटे में पांच फीट बढ़ गया है। अभी और बढ़ने की आशंका है।

## ट्रंप से मिलने के लिए इजरायली पीएम नेतन्याहू वाशिंगटन रवाना

नई दिल्ली।



नेतन्याहू को अपने देश में दबाव का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इजरायल के लोग गाजा से बचे हुए बंधकों को वापस लाने के लिए किसी समझौते की कमी और देश की घरेलू सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख और अटॉर्नी जनरल को बर्खास्त करने के नेतन्याहू के कदमों का विरोध कर रहे हैं।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी दूसरी बैठक करने वाले हैं। ट्रंप ने इस साल जनवरी में अमेरिका में राष्ट्रपति पद संभाला था। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि यह बैठक इजरायल द्वारा हमास आतंकवादी समूह पर दबाव बनाने के लिए गाजा में एक नए सुरक्षा गलियारे में सैनिकों की तैनाती की पृष्ठभूमि में हो रही है। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा है कि बैठक में टैरिफ मुद्दे, हमारे बंधकों को वापस करने के प्रयास, इजरायल-तुर्की संबंध, ईरानी खतरे और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के खिलाफ लड़ाई पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## द्वारका में पूरी हुई अनंत अंबानी की आस्था और विश्वास की यात्रा

नई दिल्ली।

कुशिंग सिंड्रोम यानी गंभीर किस्म के एक हार्मोनल असंतुलन के कारण उत्पन्न मोटापा, अस्थमा और फाइब्रोसिस से जूझ रहे किसी व्यक्ति के लिए एक-दो किलोमीटर पैदल चलना भी मुश्किल हो सकता है, लेकिन गुजरात में जामनगर से द्वारका तक की 180 किलोमीटर लंबी पदयात्रा नौ दिनों में पूरी कर अनंत अंबानी ने अपने एक संकल्प की सिद्धि की। पदयात्रा के रूप में की गई अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा को अनंत अंबानी ने अपने आंतरिक उत्थान, खासकर कठिन पथ को अपनाने की शक्ति हासिल करने का एक प्रयास बताया है। इस दौरान अनंत के साथ उनकी मां नीता अंबानी और पत्नी राधिका के साथ ही कुछ करीबी सहयोगी और आध्यात्मिक गुरु ही रहे। अनंत अंबानी के अनुसार उनके लिए इस यात्रा का अर्थ भय के ऊपर विश्वास, कष्ट के ऊपर प्रेरणा और आराम के ऊपर अनुशासन को वरीयता देना था। अनंत अंबानी के लिए यह पदयात्रा भटकाव और शोर-शराबे से दूर ध्यान और भक्ति का मार्ग प्रशस्त करने वाली रही।

### 29 मार्च को शुरू हुई थी यात्रा

यह यात्रा 29 मार्च को शुरू हुई थी और इसका समापन रामनवमी के अवसर पर हुआ। खास बात यह है कि रविवार को हिंदू कैलेंडर के अनुसार उनका जन्मदिन भी रहा। हाल में अपने कई सामाजिक कार्यों के कारण चर्चा में रहे अनंत इस यात्रा में प्रतिदिन 12 से 15 किलोमीटर पैदल चले।



## संपादक की कलम से

# संघ के संस्कारों का सवाल



ललित शर्मा
संपादक

यह आरएसएस का शताब्दी-वर्ष है। करीब 24 साल बाद भारत के प्रधानमंत्री संघ मुख्यालय गए। पहले वर्ष 2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी संघ मुख्यालय गए थे। अब मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी नागपुर मुख्यालय गए। भाजपा के दोनों ही प्रधानमंत्री आरएसएस प्रचारक थे, उनकी राजनीतिक-सामाजिक-वैचारिक जड़ें संघ से ही जुड़ी थीं, लिहाजा संघ की शरण में जाना स्वाभाविक है। ऐसी व्याख्याएं गलत और भ्रामक हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को कोई चुनौती है या भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कोई विरोधाभास हैं अथवा संघ भाजपा से कुछ मुद्दों पर नाराज है, लिहाजा संबंधों में तनाव है। भाजपा संघ का ही एक मातृ संगठन है, लिहाजा निर्देश और संस्कार संघवाले ही हैं। उन्हें चुनौती नहीं दी जा सकती या उनका विरोध करने का दुस्साहस संभव नहीं है। संघ और भाजपा के संबंध एक विराट परिवार सरीखे हैं। वे आपस में विमर्श करते हैं और फिर एक साझा निष्कर्ष पर पहुंचते हैं। करीब 90 फीसदी नेता और कार्यकर्ता आरएसएस की पृष्ठभूमि के होते हैं, जो बाद में भाजपा के लिए काम करते हैं। आरएसएस में करीब 60 लाख स्वयंसेवक हैं। उन्हीं में से प्रचारक बनते हैं। जिन्हें भाजपा में भेजा जाता है, वहां वे सांसद, मंत्री और फिर प्रधानमंत्री बन सकते हैं। 1951 में जब जनसंघ का गठन किया गया था, तब पार्टी प्रमुख डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अटल बिहारी वाजपेयी, सुंदर सिंह भंडारी, दीन दयाल उपाध्याय सरीखे चेहरों को आरएसएस से ही मांगा था। दरअसल आज हम संघ के स्तुतिगान के पक्ष में नहीं हैं और न ही इतिहास बताना चाहते हैं। कुछ संवेदनशील और राष्ट्रीय चेतना के स्तर के मुद्दे हैं, जो संघ के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, बंधुत्व, हिंदुत्व, एकता-अखंडता, सेवा-संस्कार और सामाजिकता के बिल्कुल विलोम हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में संघ को महान, अक्षय और आधुनिक वटवृक्ष माना है, लेकिन दूसरी तरफ झारखंड के हजारीबाग में भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने सरेआम तलवारें, लाठियां और डंडे कार्यकताओं और समर्थकों में बांटे हैं। दरअसल बहुसंख्यक सांप्रदायिकता बेहद खतरनाक और हिंसक होती है, लिहाजा सांसद का यह कारनामा अक्षम्य है। दलील दी गई कि ये राम नवमी त्योहार के उपलक्ष्य में बांटे गए हैं। प्रभु श्रीराम के नाम पर किसी पर्व या समारोह के लिए हथियार कब बांटे गए हैं? क्या सनातन की भी ऐसी कोई परंपरा है? एक संकेत मिलता है कि भाजपा सांसद ने राम नवमी की शोभा-यात्रा के दौरान किसी संभावित उपद्रव या हमले के मद्देनजर अपनी फौज तैयार की है। हजारीबाग में ही मंगला जुलूस पर पथराव किया गया था। ऐसे पथराव बंगाल, बेंगलुरु, कानपुर, अलीगढ़ आदि शहरों में भी होते रहे हैं। क्या देश भर में भाजपा की ऐसी फौज तैयार और तैनात की जा सकती है? क्या आरएसएस के बुनियादी संस्कार और विचार यही हैं? सरेआम तलवारें बांटी गईं और नेतृत्व बिल्कुल खामोश है। क्या उसी की खामोश सहमति रही है? अब यह नाजुक दौर है, जब संघ और भाजपा नेतृत्व को देश के सामने साफ करना चाहिए कि क्या उनका विचार और संस्कार हिंदू बनाम मुसलमान का ही है?

# जंगलों पर छाया इंसानों का आतंक: एक अनदेखा संकट



प्रियंका सौरभ

हाल ही में एक प्रमुख अखबार की हेडलाइन ने ध्यान खींचा–शहर में बंदरों और कुत्तों का आतंक। यह वाक्य पढ़ते ही एक गहरी असहजता महसूस हुई। शायद इसलिए नहीं कि खबर गलत थी, बल्कि इसलिए कि वह अधूरी थी। सवाल यह नहीं है कि जानवर शहरों में क्यों आ गए, बल्कि यह है कि वे जंगलों से क्यों चले आए? हम जिस ₹आतंक₹ की बात कर रहे हैं, वह वास्तव में प्रकृति का प्रतिवाद है–उस दोहरी मार का नतीजा जो हमने जंगलों और वन्यजीवों पर एक लंबे अरसे से चलाया है। विकास के नाम पर हमने जंगलों को काटा, नदियों को मोड़ा, और पहाड़ों को तोड़ा। वन्यजीवों के लिए न तो रहने की जगह छोड़ी, न भोजन का साधन। जब उनका प्राकृतिक निवास उजड़ गया, तब वे हमारी बस्तियों की ओर बढ़े। और अब, जब वे हमारी छतों, गलियों और पार्कों में दिखते हैं, तो हम उन्हें ह्यआतंकीह्व करार देते हैं। यह नजरिया न केवल नैतिक दृष्टि से अनुचित है, बल्कि हमारी नीति और प्राथमिकताओं में गहरी खामी को भी उजागर करता है। विकास और संरक्षण को एक-दूसरे के विरोधी खेमों में खड़ा कर देने का नतीजा यह है कि न तो सही मायनों में विकास हो पा रहा है, न ही प्रकृति का संतुलन बच पा रहा है।

हाल ही में एक अखबार की प्रमुख हेडलाइन पढ़ी–₹शहर में बंदरों और कुत्तों का आतंक₹। यह वाक्य महज एक खबर नहीं, बल्कि हमारे सोचने के तरीके का प्रतिबिंब था। हमने जानवरों के शहर में आने को ₹आतंक₹ करार दिया, लेकिन कभी यह सवाल नहीं पूछा कि वो शहर में आए ही क्यों? जब कोई बंदर किसी कॉलोनी की छत पर उछलता है, या कोई कुत्ता कूड़े के ढेर में भोजन तलाशता है, तो वह कोई स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं होती। यह उस संकट का संकेत होता है जिसे हम–मनुष्य–ने स्वयं गढ़ा है। जंगल, जो कभी इन जीवों का घर थे, अब रियल एस्टेट की परियोजनाओं, खनन कार्यों, सड़कों और डैमों की बलि चढ़ चुके हैं। आज अगर कोई सच में आतंक फैला रहा है, तो वह है इंसानी लालच और विकास का अंधा मॉडल।

**प्राकृतिक आवासों पर हमला:** भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में है जहाँ जैव विविधता की अद्भुत संपदा है। लेकिन यही भारत आज अपने ही जंगलों को खा रहा है। 2021 की ऋङ्क्षश२३ र४१५ी८ ङ्का कल्र्प्र रिपोर्ट बताती है कि भारत ने पिछले चार वर्षों में 1,100 वर्ग किलोमीटर से अधिक वनक्षेत्र खो दिया है। हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा जैसे राज्यों में यह गिरावट विशेष रूप से चिंताजनक रही है। वन कटान केवल पेड़ों का नुकसान नहीं है। यह पूरी एक पारिस्थितिकी व्यवस्था का ध्वंस है। जब हम पेड़ काटते हैं, हम न सिर्फ ऑक्सीजन के स्रोत मिटाते हैं, बल्कि हजारों पशु-पक्षियों के घर उजाड़ देते हैं। यही कारण है कि आज हमें गाँवों और शहरों के आसपास बाघ, हाथी, भालू और यहाँ तक कि तेंदुए भी दिखने लगे हैं।

**शहरों में जानवरों की बढ़ती उपस्थिति:** एक चेतावनी बंदरों का शहरों में आना आज एक आम दृश्य बन गया है। दिल्ली, वाराणसी, जयपुर, और देहरादून जैसे शहरों में बंदरों की आबादी तेजी से बढ़ी है। कारण स्पष्ट हैं–कम होती हरियाली, अधिक होता कूड़ा, और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन। इसी तरह, आवारा कुत्तों की संख्या भी शहरों में नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। हङ्क१ह्ल ल्लींह्व३ँ ड१ँल्ल९३ङ्कल्ल के अनुसार भारत में लगभग 3.5 करोड़ आवारा कुत्ते हैं, और हर साल हजारों लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं। मगर यह समस्या केवल स्वास्थ्य या सुरक्षा की नहीं है; यह समस्या हमारे कुप्रबंधन और लापरवाह विकास की है। हमने कूड़ा फेंकने के तरीकों को सुधारा नहीं, सार्वजनिक पशु-नियंत्रण कार्यक्रमों को प्राथमिकता नहीं दी, और अब जब जानवर हमारी बस्तियों में दिखते हैं, तो उन्हें ₹संकट₹ कह कर खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करते हैं।

मीडिया की भूमिका और भाषा का प्रभाव

जब कोई अखबार लिखता है कि ₹बंदरों का आतंक₹, तो वह केवल सूचना नहीं दे रहा होता, बल्कि एक धारणा गढ़ रहा होता है। यह धारणा कि जानवर आक्रमणकारी हैं, और हम पीड़ित। मीडिया की यही भाषा यह छिपा लेती है कि असल में हम ही उनके घरों में घुसे थे, उनकी जमीन छीनी, और अब जब वो अपनी जगह पाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें दोषी ठहराते हैं। यह भाषा केवल संवेदनहीन नहीं, बल्कि खतरनाक भी है, क्योंकि इससे संरक्षण के प्रति समाज की समझ और सहानुभूति दोनों कमजोर पड़ती हैं।

वन्यजीव संघर्ष: क्यों बढ़ रहा है?

एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल औसतन 100 से अधिक लोग हाथियों के हमलों में मारे जाते हैं, और दर्जनों बाघ-मानव संघर्ष की घटनाएँ सामने आती हैं। मगर इन घटनाओं के पीछे की सच्चाई यह है कि वन्यजीवों का घर सिकुड़ता जा रहा है। जंगलों में भोजन और पानी की कमी उन्हें मानव बस्तियों की ओर खींचती है। कभी-कभी वे रास्ता भटक जाते हैं, तो कभी उन्हें मजबूरी में खेतों और घरों में घुसना पड़ता है। यह संघर्ष उनके लिए भी घातक है–हर साल सैकड़ों जानवर इंसानी जवाबी हिंसा में मारे जाते हैं।

क्या हो सकता है समाधान?


भारत में ह्लह्लिी ढ१ङ्क३ीू३ङ्कल्ल अू३ 1972 और ऋङ्क्षी२३ उङ्कल्लरी१५३ङ्कल्ल अू३ 1980 जैसे सशक्त कानून हैं, लेकिन उनके लागू करने में अनेक समस्याएँ हैं। वन विभाग अक्सर संसाधनों और जनबल की कमी से जूझता है। इसके अलावा, जब विकास परियोजनाओं और वन्यजीव संरक्षण में टकराव होता है, तो अक्सर विकास को तरजीह दी जाती है, भले ही उसके दीर्घकालिक परिणाम विनाशकारी हों। इस संकट से उबरने के लिए केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि सोच का परिवर्तन जरूरी है। कुछ संभावित उपाय इस प्रकार हैं: शहरी नियोजन में हरित क्षेत्र सुनिश्चित किया जाए – पार्क, बाग-बगिचे, और वृक्षारोपण को केवल सजावटी पहलू नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी के हिस्से के रूप में देखा जाए। वन्यजीव गलियारे (ढ्रह्लिी ूङ्क११ङ्किी१२) विकसित किए जाएँ – जिससे जानवरों को सुरक्षित आवागमन का रास्ता मिले। कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए – ताकि जानवर शहरी कूड़े पर निर्भर न हों। मीडिया और शिक्षा में संवेदनशीलता लाई जाए – जानवरों को 'आतंकवादी' बताने के बजाय उनके संघर्ष को समझने और सहानुभूति की भाषा अपनाई जाए। स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाए – उन्हें संरक्षण के साझेदार बनाना होगा, विरोधी नहीं।

### अंतिम बात: इंसान अकेला नहीं है इस धरती पर

हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह धरती केवल हमारी नहीं है। जंगलों, नदियों, पहाड़ों, और समंदरों के साथ–साथ हर जीव–जंतु का इस पर उतना ही अधिकार है जितना हमारा। जब हम शहरों का विस्तार करते हैं, जब हम मॉल और एक्सप्रेसवे बनाते हैं, तब हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी न किसी की जमीन छीनी जा रही है–कभी किसी हिरन की, कभी किसी हाथी की। हम अगर प्रकृति से लड़ते रहेंगे, तो अंततः हार हमारी ही होगी–क्योंकि प्रकृति को हराया नहीं जा सकता, बस अस्थायी रूप से दबाया जा सकता है। ₹बंदरों का आतंक₹ एक समाचार की हेडलाइन हो सकती है, लेकिन असल हेडलाइन यह होनी चाहिए थी–₹जंगलों पर इंसानों का आतंक₹। इस सच्चाई को स्वीकार करना कठिन है, लेकिन जरूरी है। अगर हम वास्तव में एक संतुलित, सुरक्षित और संवेदनशील समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं, तो हमें प्रकृति से नहीं, अपने अहंकार से संघर्ष करना होगा।

## नानक दुखिया सब संसार

# जीवन के हर बीते हुए दिन का शुकराना अदा कीजिए - अच्छे दिनों ने खुशी दी तो बुरे दिनों ने सबक दिया - दोनों परिस्थितियों में हमारी जीत



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत अपने अनमोल संस्कृति, सभ्यता, सशक्त मानवीय बौद्धिक क्षमता, आध्यात्मिकता के लिए प्रतिष्ठित, प्रेरणा स्रोत और भविष्य का वैश्विक नेतृत्व करने वाले देश के रूप में तीव्रता से स्थापित होने की राह पर है, और हो भी क्यों ना? क्योंकि हर भारतीय नागरिक में एक जज्बा जुनून और जांबाजी समाई हुई है, वह दुखों परेशानियों से जंग कर उनमें से सफलता का मार्ग निकालने का जुनून है। जिसका जीता जागता उदाहरण हमने भयंकर कोविड-19 महामारी की त्रासदी में प्रत्यक्ष रूप से वैश्विक स्तरपर दिखाया हैं और वैक्सीनेशन अभियान आज 220 करोड़ के पार हो चुका है हमारे आध्यात्मिक स्तरपर भी लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है कि जीवन के हर बीते हुए दिन का शुकराना अदा कीजिए क्योंकि यदि अच्छे दिन हमें खुशी देते हैं तो बुरे दिनों से हमें जंग कर सबक सीखने को मिलता है और हम फतह हासिल करते हैं, क्योंकि दुनिया में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसके पास कोई दुख ना हो हर परिस्थितियों में ईश्वर अल्लाह का शुकराना अदा करते हुए जज्बा और जुनून कायम रखना है आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ जीवन के अच्छे बुरे दोनों दिनों का शुक्राना अदा करें।

साथियों बात अगर हम दुखों की करें तो, हम सभी के जीवन मे कभी ना कभी ऐसा पल जरूर आता है जब हम काफी दुख भरे समय से गुजर रहे होते हैं। कभी किसी से बिछड़ने का दुख, कभी कुछ हारने के दुख, कभी किसी की याद का दुख, कुछ ना कुछ दुख हम हमेशा झेल रहे होते हैं। कई बार तो हम परेशान भी हो जाते है और सोच में पड़ जाते हैं की आखिर सारे दुख हमे ही क्यों मिलते है? समय कोई भी बुरा नहीं होता है। पर मुश्किल अवश्य होता है। मुश्किल समय की एक अच्छाई होती है वो हमें मजबूत बनाता है। लड़ना सिखाता है। और पहले से अधिक साहसी बनाता है। और हमें एक नया और चुनौतीपर्ण उद्देश्य देता है क्योंकि उद्देश्य हीन जीवन किसी को पसन्द नहीं होता है। मुश्किल समय ही हमें दुनिया में स्थापित करता है।

**आओ जीवन में अच्छे बुरे दोनों दिनों का शुकराना अदा करें**

साथियों बात अगर हम बुरे दिनों से सबक लेने की करें तो बुरे वक्त की सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि यहआईने में अपनों का चेहरा बिल्कुल स्पष्ट दिखा देता है। इस दौर में अपना बनने का अभिनय करने वाले ईद का चांद हो जाते हैं। खैर बुरा वक्त इंसान को बेहतरीन सबक देता है। यह इंसान को अन्य किसी भी चीज की तुलना में अधिक सिखाता है। बुरे वक्त में न टूटने वाला इंसान बाद में बहुत मजबूत होकर उभरता है। वह अपने जीवन को अभिमान रहित जीता है और किसी अन्य के लिए परेशानी का सबब नहीं बनता। वह संतुलित हो जाता है। जीवन की कठिन सच्चाइयां उसके व्यक्तित्व को निखार देती है। बुरे वक्त की आंच में तपा हुआ इंसान कभी भी अपने धन का झूठा अहंकार नहीं सकता और यथासंभव दूसरे जरूरतमंदों की मदद करता है।

साथियों शायद जीवन की यही तो हकीकत है, कि यहां जब दुःख और तकलीफें आती है, तब किसी भी इंसान को सँभलने का मौका तक नही देती है। लेकिन एक बार जब दुःख और तकलीफों का मारा इंसान संभल जाता है। तब उसके सामने जीवन के किसी भी दुःख की कोई औकात ही नही रह जाती है। लेकिन शायद जीवन में खुश रहना अथवा दुखी रहना हमारे ही हाथो में होता है, क्योकि हम अपने जीवन की जिस परिस्थिति को जैसा मान लेते है, वो परिस्थिति हमारे लिए वैसी ही हो जाती है, यदि हम अपने जीवन की किसी दुःख तकलीफ में खुद को अकेला महसूस करते है। साथियों बात अगर हम दुखों के समय में जांबाजी जज्बे और सफलता के जुनून की करें तो, तब हमें हौसले के साथ उन मुश्किलों से यह कहना चाहिए, तू तो सिर्फ एक समस्या है जो हमारे जीवन में आई है। लेकिन जिसके जीवन में तू आई है, उस पूरे जीवन और पूरी जिंदगी पर केवल हमारा हक है। तुम्हे हमें दुखी और परेशान करने का कोई हक बिलकुल भी नही है, इसी तरह की स्थित जब होती है जब हम किसी ऐसे व्यक्ति के साथ जीवन बिता रहे होते है और वो अचानक हमें छोड़कर चला जाता है। तब हमारे दुःख और सैड स्टेटस की कोई सीमा नही होती है।

यह छोटी सी जिंदगी हमें इस दुःख और सैड लाइफ के के जरिये बहुत बड़ा सबक सिखाती है। जो धीर मनुष्य सुख-दुःखमें सम तथा अपने स्वरूपमें स्थित रहता है; जो मिट्टीके ढेले, पत्थर और सोनेमें सम रहता है जो प्रिय-अप्रियमें तथा अपनी निन्दा-स्तुतिमें सम रहता है; जो मान-अपमानमें तथा मित्र-शत्रुके पक्षमें सम रहता है जो सम्पूर्ण कर्मोंके आरम्भका त्यागी है, वह मनुष्य गुणातीत कहा जाता है।

## उदय किशोर साह



### कब तलक बैठेगा मौन

कविता

बेईमानों की बेईमानी मुखर है
ईमानदारों की जग में ना कदर है
कब तलक बैठा रहेगा तुँ। मौन
शैतानो की खबर लेगा अब कौन

आँख बन्द और डब्बा हैं गायब
चोरों का गुट बन बैठा है। नायक
उजागर हो ये सब है जग में कौन
शैतानों की खबर लेगा अब कौन

घोटालेंबाज की जहाँ खैरमकदम हो
इन्सानों की अहमियत जहाँ गौण हो
नकेल लगायेगा इन सब पर कौन
शैतानों की खबर लेगा अब। कौन

रिश्वतखोर का होता है यहाँ सम्मान
बाबुओं की दफ्तर में है बड़ी ही मान
खून चूसने वाले को रोकेगा कौन
शैतानों की खबर लेगा अब कौन

भटक रहा है याचना कर्त्ता दर दर
गुहार लगा रहा है हर चौखट पर
इनकी फरियाद अब सुनेगा कौन
शैतानों की खबर लेगा अब कौन

# दिशाहीन भीड़ की मानसिकता से समाज को सर्वाधिक खतरा



संजीव ठाकुर

सामाजिक सरोकार के परिवर्तन और उसके विरोध से उठे सवालों से सहमति और असहमति से उपजे असंतोष से भिड़ तंत्र द्वारा हिंसक अहिंसक प्रदर्शन से मानवता और सामाजिक एकरसता को सबसे बडा खतरा जन्म लेता जा रहा है यह राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन का विषय बन चुका है। आज देश के लगभग अधिकतर राज्यों में चुनाव की प्रतिस्पर्धा और धार्मिक उन्माद से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर, पश्चिम बंगाल और संभल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों और अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है। भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है, आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है। और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है। यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हाथरस में जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 46वां स्थापना दिवस

वेलकम इंडिया

**हाथरस।(जितेन्द्र कुमार)** भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी का 46वां स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। इस आयोजन में पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छवि चित्र पर माल्यार्पण व नमन करने के पश्चात भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा के ध्वज का ध्वजारोहण भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने की, मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के संस्थापक सदस्य रमेश चंद्र आर्य रहे, रमेशचंद्र आर्य, एवं भाजपा नगर महामंत्री कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय ने कार्यकताओं से पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आहावन किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री एसपी एस चौहान ने पूर्व में भाजपा के किए गए कार्यों व इतिहास को गिनाया सशक्त व समृद्ध भारत बनाने पर चर्चा हुई, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अनूप प्रधान बाल्मीकि ने सभी कार्यकताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, और इसके लिए सभी कार्यकताओं ने अथक संघर्ष किया है जो स्वरूप आज भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय स्तर पर है, वह लाखों कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। विधायक सदर अंजुला माहौर ने कहा कि विपक्षी दल जितना मर्जी प्रयास कर ले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को कम नहीं कर सकते जिस प्रकार से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जन जन से जुड़े हैं और सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलते हैं उससे साफ दिखता है कि आने वाले चुनावों में एक बार फिर भाजपा की सशक्त सरकार बनेगी, इस अवसर पर सिकंदराराऊ विधायक वीरेन्द्र सिंह राना ने कहा हमारा समर्पण है मां भारती को, हमारा समर्पण है देश के कोटि-कोटि जनों को, हमारा समर्पण है देश के संविधान को। उन्होंने कहा कि आज भाजपा विकास और विश्वास का पर्याय है, नए विचार का पर्याय है और देश की विजय यात्रा में एक मुख्य सेवक बन कर अपनी भूमिका निभा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कि हम भाजपा को 45 वर्ष पूर्ण करते हुए 46वे वर्ष में प्रवेश कर रहे है इन 45 वर्षो में कार्यकर्ताओ की मेहनत और लगन की बदोलत विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है इसके लिए सभी कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र है उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता स्थापना दिवस को एक पर्व के रूप में मनाते है, उन्होंने सभी कार्यकताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाये दी, इस मौके पर रूपेश उपाध्याय, कृष्णमुरारी वार्ष्णेय, प्रेम सिंह कुशवाहा, हरीश सेंगर, राम कुमार माहेश्वरी, भूपेंद्र कौशिक, एस पी एस चौहान, मूलचंद वार्ष्णेय, तपन जोहर, एशियाड कुलश्रेष्ठ, राजेश सिंह गुड्डू, संजीव जादोन दम्वेश चक, नीरेश कुमार सिंह, सुनीत आर्य, सुनीता वर्मा, प्रदीप सिंह, चरण सिंह सागर, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता कप्तान आदि सहित सेंकडो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# लाखों भक्तों ने माता बैलोंन भवानी के मंदिर में टेका मत्था पूजा अर्चना कर मांगी मनौती



वेलकम इंडिया

**रामघाट/नरौरा/**बुलंदशहर चैत्र मास के नवदुर्गों पर मां सर्व मंगला बेलौन भवानी मंदिर पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लाखों भक्त जनों ने दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगी इस बार पिछले नवदुर्गों की अपेक्षा काफी भक्तजनों की भीड़ एकत्र हुई पूरे बेलौन नगर की मौहल्ले गली जय माता के जयकारों से गूंज रहा था आपको बता दें थाना नरौरा क्षेत्र के मां सर्वमंगला बेलौन भवानी मंदिर पर दूर दराज जनपद बुलंदशहर अलीगढ़ कासगंज एटा मैनपुरी आगरा हाथरस फिरोजाबाद बदायूं मथुरा संभल आदि स्थान से आए मां के भक्त जनों ने प्रथम नवरात्रि से लेकर रामनवमी तक लाखों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे भक्त जनों ने आकर मंदिर पर लगी कतार में खड़े होकर मां के मंदिर में नारियल चुनरी प्रसाद आदि सोने चांदी के आभूषण मां के दरबार में माथा टेकर पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं मांगी इन भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए डिबाई पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार के नेतृत्व में नरौरा थाना प्रभारी रामनारायण सिंह तथा इंस्पेक्टर लोकेश प्रताप सिंह एवं बेलौन चौकी प्रभारी अमृतलाल अपनी पुलिस टीम के साथ मंदिर पर दर्शन करने आए भक्तजनों की पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी थाना प्रभारी ने कड़ी मेहनत के साथ अपनी ड्यूटी का पालन करते हुए मेला में ड्यूटी पर लगे करीब अस्सी उपनिरीक्षक व पुरुष महिला कांस्टेबल पुलिस कर्मियों का निरीक्षण कर दिशा निर्देश देते देखा गया नवरात्रि मेला में बच्चों के खेल खिलौने नारियल चुनरी सिंदूर कड़े आदि की समान की दुकानें सज धज कर लगी हुई थी जिससे दर्शन के लिए आए भक्तों को बड़े उत्साह के साथ सामान को खरीदते देखा गया। मां के दर्शन करने आए भक्तजनों को क्षेत्र की जर्जर पड़ी सड़कों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## दुकानदार और ग्राहक के बीच जमकर हुई मारपीट सीसीटीवी में कैद

**कांधला।** कस्बे के रेलवे मार्ग स्थित एसबीआई बैंक के निकट इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर दुकानदार वह ग्राहक के बीच मारपीट हो गई मारपीट की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार ने दो लोगों के विरुद्ध थाने पर पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी राजेश सैनी नगर के रेलवे मार्ग स्थित एसबीआई बैंक के निकट इलेक्ट्रॉनिक की दुकान करता है। पीड़ित का आरोप है कि शनिवार की देर शाम उसकी दुकान पर एक युवक बिजली की प्रेस ठीक करने के लिए आया था। पीड़ित दुकानदार व उसके पुत्र रमन सैनी ने जब ग्राहक से कहा कि थोड़ी देर के बाद प्रेस ठीक होगी तो दुकानदार एवं ग्राहक के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दुकानदार व ग्राहक के बीच जमकर मारपीट हुई मारपीट के दौरान दुकानदार राजेश सैनी व उसका पुत्र रमन सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मारपीट करने के बाद मौके से फरार हो गया। मारपीट की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पीड़ित दुकानदार ने अपना व अपने पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर पुलिस को सीसीटीवी फुटेज देते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित दुकानदार को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए सीसीटीवी फुटेज का आधार पर छानबीन शुरू कर दी है।

## खेत पर पानी चलाने गए किसान के साथ मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक किसान ने अपने पड़ोसी दो किसानों पर फावड़े से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है ।पुलिस ने घायल व्यक्ति का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी किसान कृपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित अपनी फसलों में खेत पर पानी चलाने के लिए गया हुआ था आरोप है कि तभी पड़ोस के दो किसान मौके पर पहुंचे और जबरदस्ती उसका पानी अपनी तरफ खोलने लगे। आरोप है कि जब पीड़ित के द्वारा विरोध किया गया तो आरोपियों ने दबंगई दिखाते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे पर फावड़े से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर मौके पर आसपास के खेतों पर कर रहे अन्य किसान भी आ गए आरोपी घायल को छोड़कर और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया और पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

## सुन्ना प्रकरण में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में डेढ़ महा पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में गत 24 फरवरी को अफशरुन पक्ष एवं आशु पक्ष के बच्चों को लेकर विवाद हो गया था दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट के दौरान अफशरून की मौके पर ही मौत हो गई थी फॉरेंसिक टीम एवं पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई साजिद ने आशू, जावेद, ताजूदीन, सहित एक महिला के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

# हिंदू नव वर्ष पर टांडा में संघ का भव्य पथ संचलन

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** टांडा में हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। पथ संचलन की शुरूआत रामलीला मैदान से हुई, जो मोहल्ला मरघटी, मुख्य मार्ग, बादली, नवाबपुरा, दुलीवाला, प्रेमनगर, टांडोला, टंडोली और मढ़ी मंदिर होते हुए पुनः रामलीला मैदान पर जाकर सम्पन्न हुआ। संचलन के दौरान नगर में देशभक्ति का अद्भुत वातावरण बना रहा, और जगह-जगह स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुमित कुमार जी, सह जिला बौद्धिक प्रमुख, रामपुर ने स्वयंसेवकों को बौद्धिक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें रामपाल सिंह (विभाग



सामाजिक समरसता प्रमुख), राकेश सिंह (सह जिला सेवा प्रमुख), इंद्रेश कुमार (खंड संघचालक), विशाल कुमार (खंड कार्यवाह), नरेंद्र सिंह (जिला शारीरिक प्रमुख), राजकुमार चौहान, योगेश कुमार सैनी, रोहित सैनी, आशीष वर्मा, सुरेंद्र सिंह और अश्वनी वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# खेत पर कार्य करने गए युवक का अपहरण का प्रयास, और मारपीट

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुग्ड्डा निवासी एक व्यक्ति ने उसके पुत्र का कई लोगों द्वारा गाड़ी में डालकर अपहरण करने का प्रयास एवं विफल होने पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी मोहसिन ने बताया कि उसका उसके ससुरालियों के साथ विवाद चल रहा है आरोप है कि शनिवार की देर शाम उसका पुत्र सनद कैराना मार्ग स्थित रजवाहे के समीप खेत पर कार्य करने के लिए गया हुआ था आरोप है कि तभी कार में सवार होकर आए कई लोगों ने उसके पुत्र को पकड़ लिया और जबरदस्ती कार में डालकर अपहरण का प्रयास किया और उसे ले जाने लगे। उसके पुत्र ने शोर मचा दिया शोर मचाने के बाद विफल होने पर



आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और उसे गंभीर अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी खेत पर पहुंचे और घायल अवस्था में युवक को नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित पिता ने अपने सगे साले सहित कई अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाने पर पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# कन्या पूजन कर प्रधान वीरेंद्र शुक्ला ने की मातृ शक्ति की आराधना

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**माल, लखनऊ।** रामनवमी के शुभ अवसर पर गोडवा बरौकी पंचायत के प्रधान वीरेंद्र शुक्ला ने कन्या भोज कराया। आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत गोड़वा बरौकी के प्रधान वीरेंद्र शुक्ला ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गांव में स्थित श्री ककाईच नाथ बाबा धाम पर रविवार को माँ दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव धोए, उनका विधि-विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार



देकर उनका आशीर्वाद लिया। पूजन के दौरान प्रधान वीरेंद्र शुक्ला ने कन्याओं से संवाद कर उन्हें दुलारा भी। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक परंपरा नहीं, बल्कि नारी शक्ति का सम्मान है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई समारोहपूर्वक विदाई

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**माल,लखनऊ ।** बीआर अंबेडकर विद्यालय में शिक्षक महाबीर को सेवानिवृत्ति के बाद विदाई दी गई। आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत सस्पन के अटेर गांव स्थित बीआर अंबेडकर विद्यालय से सेवानिवृत्ति पर शिक्षक महाबीर को समारोह पूर्वक विदाई दी गयी। विदाई समारोह में शिक्षक काफी भावुक दिखे। क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने अंग वस्त्र गुलदस्ता एवं माला पहनाकर सेवानिवृत शिक्षक को विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।वहां पर मौजूद



लोगों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ एवं स्वच्छ छवि का शिक्षक बताया। कार्यक्रम में मौजूद सम्मानित लोगों ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है, जो सभी सरकारी कर्मी के साथ लागू होती है ।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक बच्चों सहित क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहें।

# डॉ.अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के 87 प्रतिभागी बच्चों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद में युवा एवं बाल विकास समिति (अन्तर्गत, भारतीय बौद्ध महासभा, उ०प्र० (पंजी०) की शाखा हापुड़ द्वारा डॉ. अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2024 का जनपदीय पुरस्कार वितरण हेतु सीनियर एवं जुनियर वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों, प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को रविवार को हरपाल पैलेस में मानसिंह गौतम एडवोकेट की अध्यक्षता में सर्टिफिकेट के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा जिसके मुख्य अतिथि डॉ० श्याम कुमार चेयरमैन देवनन्दिनी हॉस्पिटल) हापुड व विशिष्ट



अतिथि डॉ० प्रवीन कुमार (वरिष्ठन्यूरो सर्जन),रमेश चन्द्रा (एडवोकेट) डॉ० एस.पी. सिंह (चेयरमैन- अवंतिका डेन्टल हॉस्पिटल)डॉ० हरिओम (चेयरमैन-रिदम हॉस्पिटल, हापुड़),डॉ० अक्षय कुमार का त्यायन (जिला होम्यो० चिकित्साधिकारी) व जगवीर सिंह गुर्जर (पूर्व चेयर मैन बाबूगढ़) तथा वक्ता अतिथिगण रणजीत सिंह (एडवोकेट), डी०डी० हरित, संगीता बौद्ध (प्रवक्ता),मुख्य वक्ता सीमा निगम (प्रवक्ता), डॉ० आरती सिंह (प्रवक्ता), भूपेन्द्र सिंह (वरिष्ठ समाज सेवी), सीमा सिंह (एड०), विनोद कुमार माल्यान (दरोगा ), राजीव कुमार प्रमुख, वीरेन्द्रसिंह (गढ़), रविन्द्रकुमार अठसैनी आदि लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत गौतम बुद्ध के बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के सम्मुख अर्पित कर कैंडल जलते हुए किया गया तथा उपस्थित अतिथि का पंचशील का पटका पहनकर स्वागत किया।

# दिन दहाड़े पहासू में 4 लाख के सोने के आभूषण लेकर बदमाश हुए फरार घटना से मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** पहासू में सरार्फा दुकानदार को बातों में उलझाकर दिन दहाड़े सोने की अंगूठी से भरा बॉक्स लेकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। बीच बाजार में हुई घटना से बाजार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी खंगाले,लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चल सका। पहासू के सरार्फा बाजार में अमित वर्मा की भाग्यश्री ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी की दुकान है,रविवार दोपहर 2 बजे के आसपास उसकी दुकान पर दो बाइक सवार बदमाश ग्राहक बनकर आये तथा सोने की अंगूठी देखने लगे,दुकान पर उस समय



अमित के पिता अशोक कुमार थे। बदमाशों ने 23 हजार की एक अंगूठी पसंद कर दुकानदार से कहा कि सामने शोकेस में रखा एक नग और दिखा दो,जैसे ही दुकानदार ने समान देने के लिए उनकी तरफ पीठ की,बदमाश काउंटर पर रखा अंगूठियों से भरा बॉक्स उठाकर वहां से फरार हो गए। घटना के बाद दुकान पर काफी भीड़ इकट्ठी हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले,लेकिन बाइक सवार बदमाश भागने में कामयाब रहे। दुकानदार अमित वर्मा ने बताया कि बॉक्स में करीब 46 ग्राम सोने की 21 अंगूठियां थीं। गायब अंगूठियों की कीमत लगभग 4 लाख बताई जा रही है। घटना की सूचना पर एसपी देहात डॉ तेजवीर सिंह एवं सीओ शिकारपुर शिव ठाकुर घटना स्थल पर पहुंचे और दुकानदार से जानकारी ली।

# ध्वजारोहण विभिन्न आयोजनों के साथ धूमधाम से मना पार्टी स्थापना दिवस: भाजपा

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** राष्ट्र निर्माण एवं जन सेवा के लिए संकल्पित राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा एवं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने ध्वजारोहण किया।

स्थापना दिवस के अवसर पर कैसरबाग स्थित लखनऊ महानगर कार्यालय को भगवा रंग के गुब्बारे, झालर, रंगोली और फूल माला से सजाया गया। कार्यकर्ता ढोल नगाड़े पर झूमे और स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए मिष्ठान वितरण भी किया गया। लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी नेताओं, पदाधिकारीयों और कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया । भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों, राजनीतिक सफर और सफल यात्रा को उपस्थिति मीडिया के साथ साझा करते हुए वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का गौरव बढ़ा है। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था के राज के साथ अभूत पुर्व विकास हुआ है और उत्तर प्रदेश आज सभी योजनाओं में देश में अग्रणी है। 1984 के लोकसभा चुनाव में प्राप्त मात्र दो सीटों से बढ़कर हम 303 तक पहुंचे हैं। सभी कर्मठ भाजपा कार्यकताओं के परिश्रम से उत्तर प्रदेश में भी लगातार दो विधानसभा चुनाव जीते हैं और 2027 में भी बड़ी विजय हासिल करेंगे।

आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एन०डी०ए० सरकार का तृतीय कार्यकाल भारत की राजनीति में विकास के परिवर्तन का नया युग लेकर आगे बढ़ रहा है। कार्यकताओं के अथक परिश्रम से आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है ।

स्थापना दिवस को 13 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर बूथ समिति और सक्रिय सदस्य एकत्रित होकर पंडित दीनदयाल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और पार्टी की विकास गाथा पर चर्चा करेंगे। 8 व 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल बूथ चलो अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर से ऊपर के कार्यकर्ता वार्डों में प्रवास करेंगे और 10 लाभार्थियों से संपर्क करके पार्टी और सरकार की उपलब्धियां पर चर्चा करेंगे।

# भाजपाइयों ने भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया

वेलकम इंडिया



**हापुड़**/भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने एक जुट होकर जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस ढोल नगाड़ों के साथ एक दूसरों को मिठाई खिलाकर धूमधाम से मनाया।

बता दे कि भारतीय जनता पार्टी हापुड़ के समस्त कार्यकर्ताओ ने 6 अप्रैल 2025 को प्रीत विहार में स्थित जिला कार्यालय पर एकत्रित होकर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ पार्टी का 45 वा स्थापना दिवस मनाते हुए जिला अध्यक्ष नरेश तोमर और क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। और कार्यकताओं को लड्डू खिलाकर कार्यकताओं ने एक दूसरे को पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी। वहीं इस अवसर पर क्षेत्रिय महामंत्री विकास अग्रवाल ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही सौभाग्य का विषय है कि आज 45 वां स्थापना दिवस मनाते हुए हमें गर्व महसूस हो रहा है ।आज भारतीय जनता पार्टी केंद्र में एवं प्रदेश में जनता की सेवा कर रही है। भारत का नाम विश्व की प्रमुख शक्तियों में लिया जाने लगा है। नरेश तोमर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं एवं प्रतिनिधियों का सदैव एक ही लक्ष्य रहता है कि किस तरह से जनता की सेवा करें। और दिन-रात जनता के कार्य में लगे रहते हैं।आज विश्व में भारतीय जनता पार्टी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता है।

## फिरोजाबाद की यूट्यूबर बुलेटरानी की बुलेट सीज, पुलिस को चुनौती देना पड़ा महंगा

वेलकम इंडिया

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद की एक युवती द्वारा पुलिस को चुनौती देते हुए इंस्टाग्राम पर रील्स बनाना महंगा पड़ गया है। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित ने स्वयं वीडियो को संज्ञान लेते हुए थाना लाइनपार व यातायात प्रभारी को आदेशित करते हुए तत्काल बुलेट सीज की कार्रवाई कराई इसके अलावा बाइस हजार रुपये का चालान भी किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार फिरोजाबाद में बुलेट रानी के नाम से मशहूर सोनी यादव इंस्टाग्राम पर वीडियो रील्स बनाने का काम करती है वह बुलेट पर खतरनाक तरीके से हाथ छोड़कर, डांस करते हुए, स्टंट करते हुए, वीडियो रील्स बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करती है। 17 फरवरी को कुछ लोगों द्वारा ट्वीटर पर उक्त युवती का वीडियो डालकर फिरोजाबाद पुलिस को शिकायत की गई थी। जिस पर एसएसपी फिरोजाबाद ने यातायात पुलिस को कार्यवाही का आदेश दिया था। लेकिन यातायात पुलिस ने एसएसपी के आदेश को दरकिनार करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया और कोई कार्रवाई नहीं की इससे युवती को बुलेट रानी उर्फ सोनी यादव को बल मिल गया और उसने मंगलवार को दबंगई का एक सॉन्ग ₹ जब चले काफिला यारों का तो धक-धक धरती हल्ले से, और प्रशासन के फोनों में मेरी लाइव लुकेशन चल्ले से। लगाकर वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। यही नही युवती ने एसएसपी फिरोजाबाद के अधिकृत ट्वीटर एकाउंट से कार्यवाही के लिए दिए गए आदेश का स्क्रीनशॉट भी लगा दिया ।जिससे पुलिस को चुनौती साफ दिखाई दे रही थी। और लग प्रमाणित हो रहा था कि देख लो मेरे खिलाफ एसएसपी ने कार्यवाही का आदेश दे दिया लेकिन पुलिया मेरा कुछ नही बिगाड़ पाई हम ऐसे ही स्टंट करेंगे, वीडियो रील बनाएंगे, अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो रील अपलोड करेंगे। देखते है मेरा कोई क्या बिगाड़ेगा।

युवती सोनी यादव अब तक लगभग 700 रील्स वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर चुकी है। और लगातार स्टंट करते हुए खतरनाक वीडियो बनाकर पुलिस को चुनौती देती रहती थी। अब देखना यह है कि इसकी बुलेट पर कब तक ब्रेक लगेगा। फिरोजाबाद के एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खतरनाक स्टंट करते हुये वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए बाइक को सीज कर, 22 हजार रुपये का चालान अधिरोपित करने किया गया है।

## किंदोली नहर के पास चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में लूट के बदमाश राहुल के पैर में लगी गोली, घायल सहित दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)** अवगत कराना है कि दिनांक 14 फरवरी 2025 को वादी द्वारा थाना हाथरस गेट पर यतेन्द्र सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी बधामई थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक चौदह फरवरी को वह अपनी जमीन का बैनामा कर 1.5 लाख रुपये लेकर थैले मे साइकिल पर अपनी गाँव की ओर नहर की पटरी कुंडा गाँव के पास में अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा लूट लिया गया। एसपी की तीन टीमों द्वारा घटनाओं के अनावरण हेतु संभावित प्रयास किए जा रहे थे। जिसके क्रम में शनिवार को रात्रि में संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में थाना हाथरस गेट पुलिस को चैकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि लूट व छिनैती की घटनाऐं कारित करने वाले बदमाश किंदोली नहर की तरफ से होकर कही जाने की फिराक में है । उक्त सूचना थाना हाथरस गेट पुलिस व स्वाट टीम द्वारा किंदोली नहर के पास चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्ति-बदमाश दो मोटरसाईकिल पर आते हुए दिखाई दिये । पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्ति-बदमाशों को रोकने का प्रयास किया परन्तु वह नहीं रुके । स्वाट टीम व थाना हाथरस गेट पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में बदमाशो से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त राहुल पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया । पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त राहुल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया । जिसके कब्जे से 32 हजार रुपये व एक अवैध तमंचा व एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । मुठभेड़ के दौरान एक सह-अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार कांबिग की जा रही थी । जिसके क्रम में पुलिस टीम द्वारा कांबिग के दौरान एक अन्य सह- अभियुक्त विवेक को गिरफ्तार किया गया । जिसके कब्जे से लूटे हुए 38 हजार रुपये बरामद हुए है । पुलिस ने राहुल पुत्र विरेन्द्र कुमार निवासी जाटवाट खुर्द कस्वा मेण्डू घायल, और विवेक पुत्र जितेन्द्र निवासी मौहल्ला जोगियान कस्वा मेण्डू थाना हाथरस जंक्शन जनपद हाथरस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## बैजना गांव में हुई मारपीट में आठ लोग घायल, नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बैजना गांव में शनिवार की शाम को मामूली विवाद ने झगड़े का रूप ले लिया। गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी-डंडों, सरियों और ईंटों से लैस होकर एक घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और आठ लोगों को घायल कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना शनिवार शाम करीब सात बजे की है, जब गांव निवासी जमशेद का चचेरा भाई मोहसिन अपने घर के सामने खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही सुफियान, सानिब अली और सैफ अली उसे अपने साथ बुलाकर गांव के बाहर ले गए और वहां उसके साथ मारपीट करने लगे। किसी तरह जान बचाकर मोहसिन घर की ओर भागा, लेकिन उसके पीछे-पीछे अशरफ, शादाब अली, सरताज, अफजाल और रुवेद सहित कुल नौ लोग हथियारों से लैस होकर जमशेद के चाचा नन्हें के घर में घुस आए। इन हमलावरों ने घर का गेट खोलकर अंदर मौजूद लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। इस हमले में जमशेद के ताऊ जाहिद, चचेरा भाई रियाज, मोहसिन, गुलाम साबिर, फरीमा, जयबुल हसन, सरताज और मोहम्मद इल्यास गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से जमशेद अली ने अशरफ, शादाब अली, सरताज, अफजाल, रुवेद, सुफियान, सानिब, अनस और सैफ अली के खिलाफ थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दबंगों ने उखाड़ कर फेक विद्युत विभाग के पोल ठेकेदार ने सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़ सिंभावली**/ऊर्जा निगम की एम डी ईशा दुहन के दिशा निर्देश पर ऊर्जा निगम के द्वारा हाईटेंशन लाइन खींचने के लिए बिजली के सीमेंटेड खंभे एवं लोहे के पोल लगाए जा रहे हैं। जिसके चलते थाने के सामने कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने बिजली के खंभे उखाड़ कर फेंक दिये है। जिससमे खंभे क्षतिग्रस्त होने से ऊर्जा निगम के अनुसार लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

ठेकेदार मोहित यादव ने बताया कि गर्मी के मौसम शुरू हो गया है। इसीलिए 11 हजार हाईटेंशन की लाइन जल्द से जल्द बनाने का प्रयास है। जिसको लेकर शनिवार को मजदूर खंभे लगाने के बाद घर चले गए। रविवार की सुबह आकर देखा तो सात-आठ खंभे क्षतिग्रस्त हालत में उखड़े मिले हैं। जानकारी करने पर पता चला है कि कुछ लोगों ने ट्रैक्टर के माध्यम से खम्भों को उखाड़ दिया है ।इस संबंध में उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई है। उधर पुलिस को इस संबंध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ठेकेदार ने बताया कि इस तरह सरकारी कार्य में बाधा डालने से लाइन का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पाएगा। जिससे सरकारी धन की हानि होगी और काम भी अधूरा रह जाएगा। वही इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष सुमित तोमर ने बताया कि ठेकेदार की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है। जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कपुरपुर थाना पुलिस टीम व स्वाट टीम को मिली बड़ी सफलता भारत गैस एजेंसी से करीब पचास सिलेण्डर चोरी करने वाले गिरोह का किया पदार्फाश



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के थाना कपूरपुर पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम मतनावली में भारत गैस एजेन्सी में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते गैस सिलेण्डर डिलीवरी मैन सहित हुए 03 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार ।जिनके कब्जे से चोरी के शत-प्रतिशत 50 गैस सिलेण्डर व घटना में प्रयुक्त ळअळअ ॶी गाड़ी (छोटा हाथी) बरामद। गिरफ्तार अभियुक्त अजीत उर्फ हनुमान भारत गैस एजेन्सी पर सिलेण्डर सप्लाई का कार्य करता था जिसने अपने साथी मोनू और हरिओम के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से गैस सिलेन्डर चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था ।गिरफ्तार अभियुक्त अजीत उर्फ हनुमान शातिर किस्म का चोर/अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद हापुड़ में चोरी व आर्म्स एक्ट आदि के करीब आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं ।एएसपी विनित भटनागर ने बताया कि कपुरपुर थाना पुलिस टीम ने करीब कुछ दिन पहले हुई गैस एजेंसी में हुई चोरी का खुलासा करते हुए ।

## गैस एजेंसी चोरी का सफल अनावरण कर तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

हापुड़/धौलाना कपूरपुर पुलिस ने गैस एजेंसी पर हुई चोरी का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर किस्म के चोरों को चोरी के 50 सिलेंडर एवं घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है।

विदित रहे कि कपूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मतनावली में स्थित गैस एजेंसी पर चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका खुलासा करने को लेकर कपूरपुर पुलिस एवं स्वाट टीम ने लगातार प्रयत्नशील रहते हुए। गैस एजेंसी चोरी का सफल अनावरण कर तीन चोरों को चोरी किए गए 50 सिलेंडर घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी सहित गिरफ्तार किया है। वही इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी विनीत भटनागर करने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड अजीत उर्फ हनुमान डिलीवरी मैन ने अपने साथी मोनू, हरिओम निवासी बुलंदशहर के साथ मिलकर गैस सिलेंडरों को चोरी कर खेत में छुपा दिया था। जिनको ग्रहों के सरगना अजीत उर्फ हनुमान की निशानदेही पर बरामद कर घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी सहित गिरफ्तार किया गया है। तीनों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सेवा भारती बुलंदशहर ने किया कन्या लांगुर पूजन

**बुलंदशहर।** गत नवरात्रि की भांति इस चैत्र नवरात्रि में रामनवमी वाले दिन दिनांक 6-4-2025 को सेवा भारती बुलंदशहर ने कन्या लंगूर पूजन किया सेवा भारती के सदस्यों ने व समाज के लोगों के साथ मिलकर नगर में बड़ा मोहल्ला अम्बर रोड बस्ती, मामन रोड बाईपास भुवारिया बस्ती, ज्ञान लोग बस्ती बुलंदशहर आदि स्थानों पर कन्या पूजन कार्यक्रम किया बच्चों को भोजन फल, फ्रूटी, दक्षिणा आदि सामान वितरण किया तथा रामनवमी के महत्व को बताया और बच्चों से कहा आज मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्म हुआ था राम जी ने मयार्दा में रहकर ही सारे कार्य किए थे और इस अवसर पर संजय गर्ग, कृष्ण गोपाल, जनमेजय उपाध्याय, उमेश चतुवेर्दी ,अशोक शर्मा, नवीन गर्ग, सचिन गर्ग पंकज त्यागी ,दुष्यंत उपाध्याय ,केतन उपाध्याय रितेश शर्मा ,नरेश वर्मा भगवत स्वरूप ,राजीव अग्रवाल, सुरेंद्र पाल गुप्ता ,विशाल मिश्रा पवन अग्रवाल सुधीर शर्मा ,नेम कुमार, नवीन गर्ग, सुरेश गौतम ,कुश सिरोही ,अनिल, शुभम भाटी, मातृशक्ति में कुसुम गौतम, हर्षिता ,बबीता ,व सैकड़ो बच्चे व महिलाऐ मौजूद रही।

# शहीद का शव पहुचा घर उपस्थिति जनसैलाब ने नम आखो से दी श्रद्धांजलि

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़ ।** रविवार 6 अप्रैल । लालगन्ज तहसील अन्तर्गत गाव बेलहा निवासी आगारा मे भारतीय वायुसेना के वारंट अफसर इकतालीस वर्षीय रामकुमार तिवारी पैराशूट जम्पिग के दौरान पैराशूट न खुलने पर हजारो फीट से सीध ? जमीन पर गिरने से शहीद हो गये ।? जिनका पार्थिव शरीर उनके घर वायुसेना के जवान लेकर आए तो भारी सख्या मे उपस्थित जन सैलाब ने अश्रुपूर्ण विदाई देते हुए रामकुमार अमर रहे के नारे लगाते हुए रोते रहे। रविवार की सुबह, आगरा बेस कैंप में ट्रेनिंग सेशन के दौरान रामकुमार अपने जवानों को पैराशूट जम्पिंग की बारीकियां सिखा रहे थे। वे आसमान में उड़ान भरते हुए नन्हे साहसी सपनों को पंख दे रहे ,आसमान की ऊंचाइयों को छूने वाला जांबाज रामकुमार तिवारी 19 हजार फीट की ऊंचाई से धड़ाम से जमीन पर आ गिरा। तकनीकी खामी ने उनके पैराशूट को खुलने से रोक दिया। ,पैराशूट नहीं खुला, और एक पल में सब कुछ खत्म हो गया। नीचे खड़े जवान और अधिकारी उन्हें तेजी से गिरते देख सन्न रह गए। सब दौड़े, कोशिश की कि किसी तरह अपने अफसर को बचा लें, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था ।और सिर पर गहरी चोट व खून के रिसते धागों ने उनकी सांसों को हमेशा के लिए थाम लिया। लेकिन किसे पता था कि यह उड़ान उनकी आखिरी होगी। जाबाज रामकुमार तिवारी के जमीन पर गिरते ही उनके सिर से खून बहने लगा। साथी जवानों की आंखों में आंसू और हाथों में उम्मीद लिए वे उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें कउव में भर्ती किया, लेकिन दो घंटे की जद्दोजहद के बाद भी वह जिंदगी की जंग हार गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, और एक परिवार का आसमान हमेशा के लिए सूना हो गया।

रामकुमार की पत्नी प्रीति तिवारी को जैसे ही यह मनहूस खबर मिली, उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। उन्हें बेसुध हालत में अस्पताल ले जाया गया। उनके दो मासूम बेटे 14 साल का यश और 10 साल का कुश रो-रोकर अपने पिता को पुकारते रहे।

## 13 साल का शाहरुख अंसारी बना सीरीज ऑफ टूनामेंट



वेलकम इंतडिया

**चांदन:** चांदन प्रखंड के असुढां पंचायत में 1 अप्रैल से शुरू हुआ था असुढां प्रिमियर लिग टूनार्मेंट रविवार को फाइनल मैच खेला गया !जहां टीम अ पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट खोकर 85 रन का टारगेट मकसद टीम को दिया गया ओपनिंग बैटिंग करते हुए शाहरुख अंसारी ने बेहतरीन पारी खेलते हुए 30 रन का अपना अहम योगदान दिया गया। दूसरी पारी में मकसद टीम 85 का लक्ष्य पीछा करते हुए 80 रन पर ही सिमट गया, काफी रोमांच मैच में मकसद टीम को 5 रन से पराजित होना पड़ा। बोलिंग में आखिरी ओवर लेकर आए साबिर अंसारी ने बेहतरीन बॉलिंग करते मैच में आखिरी ओवर में 6 बॉल पर 6 रन की जरूरत थी लेकिन साबिर ने अपनी अनुभव का फायदा उठाया और 5 रन से जीत दर्ज की, पूरा टूनार्मेंट में बेहतरीन बॉलिंग और बल्लेबाजी में शानदार खेला, बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शाहरुख अंसारी को सीरीज ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया।

# बिना अनुमति खंबे लगाकर ग्राहकों को लुभा रहे हैं कॉलोनाइजर, अब कार्रवाई की तैयारी

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** गुलावठी कॉलोनाइजरों ने प्लॉट खरीदने वाले ग्राहकों को लुभाने के लिए बिना विद्युतीकरण मंजूरी के नवनिर्मित कॉलोनी में अवैध तरीके से विद्युत खंभे तथा पोल लगा दिए हैं। इन कॉलोनी पर अब कार्रवाई की तैयारी है। इस संबंध में अवर अभियंता ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपी है। गुलावठी विद्युत एसडीओ राधाकृष्ण राम ने इस संबंध में तहसीलदार को पत्र लिखकर बिना विभागीय कार्रवाई के विद्युत पोल तथा खंबे लगाने पर इन कॉलोनी से अवैध तरीके से लगे विद्युत खंभे तथा पोल हटवाने को कहा है। एसडीओ राधाकृष्ण ने बताया कॉलोनाइजर प्लॉट खरीदने वाले लोगों को कॉलोनी में जल्द विद्युतीकरण होने का दावा करके ग्राहक को विश्वास में लेकर गुमराह करके






प्लॉट बेच देते हैं। बाद में ऐसे ग्राहकों को विद्युत कनेक्शन लेने में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। क्योंकि ये कॉलोनी विद्युत विभाग द्वारा स्वीकृत नहीं होती। ऐसी कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन मंजूरी आसानी से संभव नहीं है। एसडीओ राधाकृष्ण राम ने बताया सिकंदराबाद-गुलावठी रोड पर नाग बाबा मंदिर के पास कृष्णापुरम कॉलोनी में अवैध तरीके से खंभे लगाए गए हैं। बुलन्दशहर-हापुड़ हाईवे पर स्थित कृष्णापुरम फेस-द्वितीय कॉलोनी में भी बिना विभागीय सूचना और बिना अनुमति अवैध तरीके से विद्युत पोल तथा खंभे खड़े कर दिए गए हैं। जबकि इन कॉलोनियों में विद्युत विभाग द्वारा विद्युतीकरण की कोई मंजूरी नहीं है। नवनिर्मित कॉलोनी में अवैध विद्युतपोल हटवाने और कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई के लिए एसडीओ ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुलावठी तथा थाना प्रभारी को भी पत्र लिखा है। 'एसडीओ राधाकृष्ण राम बोले'....: गुलावठी क्षेत्र में अनेक स्थानों पर नवनिर्मित कॉलोनी में अवैध तरीके से बिना विभागीय अनुमति खंभे तथा पोल खड़े करके कॉलोनाइजरों द्वारा प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

ऐसी कॉलोनी तथा इन कॉलोनाइजरों पर जल्द कार्रवाई कराई जाएगी। बिना अनुमति लगाए गए विद्युत और खंभे हटवाए जाएंगे।

# गोमती नगर में खुले में रखे एमडीपीई पाइपों में लगी भीषण आग दमकल ने आग पर पाया काबू



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** गोमती नगर के विश्वास खंड, जुगौली स्थित नेहरू इन्क्लेव के पास डिफेंस लैंड पर शनिवार को ग्रीन गैस लिमिटेड के एम.डी.पी.ई. पाइपों में भीषण आग लग गई। यह पाइप ग्रीन गैस ट्रांसपोर्टेशन के लिए खुले में रखे गए थे। आग की लपटों ने आस-पास के पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। दमकल विभाग ने सतर्कता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर 04 दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, हीट एक्सपोजर के कारण इन ज्वलनशील पाइपों में आग लगी। सूचना मिलते ही नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा फायर ब्रिगेड की टीम को पानी के टैंकर और जेसीबी मशीनों दी जिसकी सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, एमडीपीई पाइप को खुले में इस प्रकार रखना सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है।

इस मामले में ग्रीन गैस लिमिटेड के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सिम्स हॉस्पिटल में सभी विभागों की रहेगी नि:शुल्क ओपीडी

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स हॉस्पिटल) में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार को सभी विभागों की निःशुल्क ओपीडी रहेगी। इसके साथ ही रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी पर 25% की छूट और दवाइयों पर 10% की छूट दी जायेगी। हृदय रोगियों के लिए ईको एवं टीएमटी पर भी 25% की छूट दी जायेगी।

जानकारी देते हुए सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि ब्रजवासियों की सेवा के लिए सिम्स हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। मेरा विश्वास है कि इस कैंप में जरुरतमंद रोगी विशेषज्ञ चिकित्सक से निःशुल्क परामर्श हेतु बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे।

## इस्कॉन मंदिर में धूम धाम से मनाया गया राम नवमी महा महोत्सव



वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में 06 अप्रैल 2024 दिन रविवार को ₹राम नवमी₹ महा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ।

श्याम, मन्दिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ द्वारा मयार्दा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम का प्राकट्य दिवस ₹राम नवमी₹ उत्सव का शुभारम्भ विधिवत पूजन-अर्चन एवं अभिषेक करके किया गया। कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से निम्नानुसार संपन्न हुए हरिनाम संकीर्तन, अभिषेक, राम कथा, आरती, भंडारा ₹राम नवमी₹ उत्सव पर शहर भर से आये हुए भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धा सुमन भेंट किये, सभी भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ₹राम नवमी₹ उत्सव को मनाया साथ ही साथ वैष्णव परम्परा के अनुसार व्रत का पालन किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी उपस्थित भक्तों ने स्वादिष्ट एकादशी प्रसादम (भंडारा) का आंनद लिया।

## किले वाली चामुंडा मंदिर पर सजावट करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**शिकारपुर।** अंतिम नवरात्र पर रविवार को नवयुवक किले वाली चामुंडा मंदिर कमेटी के पदाधिकारी ने मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में 9 दिन तक विशेष फूलों की सजावट, व विद्युत झालरों की आकर्षक सजावट करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिन सैनी ने भीम डेकोरेशन, साहिल लाइट वाले, व महाकाल डीजे वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सचिन सैनी ने महोत्सव की सफलता पर सभी को बधाई देते हुए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर, सोनू, सचिन सैनी, राहुल सैनी, दीपू सैनी, गगन सैनी, मनीष सैनी, व. कमेटी सहित सभी का व्यवस्थाओ में सहयोग रहा।

## पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, का0 सत्यम सिंह, का0 विनय सिंह ने मु0अ0सं0 144/2025 धारा 65(1), 352, 351(3) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त वेद प्रकाश पुत्र रंगीलाल निवासी भरतपुरा टोला कठवतिया थाना धनघटा को रविवार को खाजो चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी - सत्येंद्र पाराशर

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** भाजपा जिला कार्यालय धौलपुर पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर की अध्यक्षता में भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया,

सर्वप्रथम भाजपा के संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता बिसंबर दयाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि धौलपुर भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण कुशवाह रहे, विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम के जिला संयोजक मुकेश हनुमानपुरा उपस्थित रहे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने बताया भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, हम सबको बीजेपी जनसंघ के जो संस्थापक सदस्य हैं,

उन सबसे प्रेरणा लेनी चाहिए हम सबको राष्ट्रप्रथम को मानते हुए आगे बढ़ना,

मैं धौलपुर भाजपा के कार्यकताओं को भाजपा के स्थापना



दिवस के उपलक्ष में सभी को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं,

साथ ही सभी को रामनवमी की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं, मुख्य अतिथि शर्मा ने भाजपा के इतिहास विकास और पार्टी की रीति नीति के बारे में समस्त कार्यकताओं को बताया, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन ने किया, अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं का कार्यक्रम सहसंयोजक रामकुमार कुशवाह ने धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट राजू गुर्जर, भाजपा नेता महाराज सिंह चाहर,

कार्यालय प्रभारी बृजमोहन शर्मा, जिला संयोजक सोशल मीडिया ऋतिक वर्मा, सहसंयोजक लोकेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विशाल सिंघल, मुस्ताक कुरैशी, मंडल महामंत्री अशोक पचौरी, फैजल खान, योगेश जादौन, विवेक रावत, रामकुमार गुर्जर, नवीन तिवारी, पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, दुर्गेश श्रीवास्तव, महावीर गर्ग, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता: नवागत थानाध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**मथुरा/टाउनशिप।** पुलिस कप्तान शैलेश पांडे बीते दिनों जनपद में कई थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी का तबादला किया है।वहीं तेजतर्रार निरीक्षक व उपनिरीक्षकों को नवीन जिम्मेदारियां प्रदान की गई हैं।इसी क्रम में तेजतर्रार वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय वर्मा को रिफाइनरी का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया है।तो वहीं रिफाइनरी के थानाध्यक्ष तेजतर्रार उप निरीक्षक सोनू सिंह को जनपद की स्वाट टीम का प्रभारी बनाया है।रिफाइनरी के नवनियुक्त थाना प्रभारी अजय वर्मा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद थाने के समस्त पुलिसकर्मियों के साथ बैठक ली।उन्होंने कहा थाने पर आने वाले किसी भी फरियादी को बिना संतुष्टि के थाने से वापस न किया जाए।थाने पर शिकायत लेकर आए पीड़ित की हर संभव मदद की जाए। नवागत थाना प्रभारी ने क्षेत्र के सभी गांव की जानकारी ली।पत्रकारों से वार्ता कर कहा पीड़ितों को न्याय दिलाना एवं अपराध पर अंकुश लगाना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा बांछितों की खैर नहीं एवं अपराधियों को किसी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

# महासंघ एकीकृत का एक माह के अन्दर होगा जिला कार्यकारणी का चुनाव: चन्द्रभान चौधरी

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की जिला महासमिति की बैठक में एक माह के अन्दर जिला कार्यकारणी का चुनाव कराने का ऐलान कर दिया गया है। यह जानकारी बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राकेश चंद्र शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए दी। बैठक में उपस्थित सभी संघों के जिला अध्यक्ष एवं सभी संबद्ध संगठनों के महामंत्रियों ने एकमत से चुनाव कराने के निर्णय को मान लिया। बैठक में जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी ने सभी उपस्थित सदस्यों को आश्वस्त किया कि वे कर्मचारी हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और संघर्ष करने में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा वेतन विसंगतियों को दूर नहीं करना कर्मचारियों के साथ धोखा है। जिसे महासंघ (एकीकृत) कभी



स्वीकार नहीं करेगा। चौधरी ने मुख्यमंत्री मांग की वेतन विसंगतियों पर पुनर्विचार करने की मांग की है। बैठक में महासंघ (एकीकृत) के जिला संयोजक अजय पूनिया ने सभी उपस्थित सदस्यों को मांग पत्र की जानकारी दी और संशोधित मांग पत्र तैयार करने के लिए प्रस्ताव लिए। पूनिया ने कहा कि महासंघ (एकीकृत) द्वारा जल्दी ही सरकार को संशोधित मांग पत्र पेश किया जाएगा। बैठक में जिन कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया उनमें वाटर बॉक्स के जिला अध्यक्ष राकेशचंद्र शर्मा, शिक्षक संघ एकीकृत के भगवान सिंह मीणा, मदरसा बोर्ड के नौशाद खान, शिक्षक संघ युवा के मुकेश मीणा, अल्पसंख्यक कर्मचारी संघ से जावेद बेग, जलदाय से अतुल हुंडावाल, विभीषण कुमार, धरमसिंह, नीतू अग्रवाल, तमन्ना अख्तर, प्रियंका चौधरी, देवेंद्र शर्मा, हुंडावाल, राजस्व संघ से अशोक कुलश्रेत, उपप्रधानाचार्य संघ से अतुल चौहान, वनयसिंह, शारीरिक शिक्षक संघ से रूपसिंह, पोस्ट ऑफिस संघ से रोहित गुर्जर, गंगाराम गुर्जर, मधु यादव, बरगद मेन नरेन्द्र यादव, आर आर एन ए से शशिपाल चौधरी, ओमप्रकाश मंगल, गुलाब सिंह, नवीन कुमार, मनीष चौधरी, दिनेश सक्सैना, दिवाकांत सक्सेना, पवन कुमार, होतम सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कार धाम में राम नवमी के उपलक्ष्य में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** आनन्द वाटिका क्षेत्र स्थित सनातन संस्कार धाम में राम नवमी के उपलक्ष्य में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, भागवत भूषण आचार्य रामविलास चतुर्वेदी के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम संतों, वैष्णवों एवं भक्तों के द्वारा भगवान श्रीराम का पंचामृत से अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही उनकी महाआरती की गई। आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान श्रीराम का इस धरा धाम पर अवतरण समस्त समाज को धर्म की शिक्षा के साथ कर्म की शिक्षा प्रदान करने के लिए हुआ। भगवान श्रीराम ने अवतार लेकर अपने जीवन काल में पुत्रधर्म, पति धर्म, राज्य धर्म के अलावा शत्रु धर्म को भी शास्त्रानुसार निर्वाह करके समाज को दिव्य शिक्षा प्रदान की। महामण्डलेश्वर डॉ. आदित्यानंद गिरि महाराज एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान श्रीराम समस्त जनमानस के कल्याण के लिए पृथ्वी पर अवतरित हुए थे।उन्होंने भाई प्रेम, माता-पिता के प्रति कर्तव्य परायणता, परिवार के प्रति समता-एकता एवं सामंजस्य और समस्त प्रजा के प्रति स्नेह प्रदान करके समस्त मानव समाज मानवता की शिक्षा प्रदान की।इसीलिए वो मयार्दा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। इस अवसर पर डॉ. सत्यमित्रानन्द महाराज, पण्डित गुलशेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा, संदीप शास्त्री, ब्रजेश चतुर्वेदी, राकेश कुमार श्रीवास्तव, उमेश कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, अरुणा श्रीवास्तव एवं सुधा श्रीवास्तव आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# देवी मंदिरों/रामजानकी मंदिर में चैत्र नवरात्रि/श्रीराम नवमी के अवसर पर स्थानीय जन सहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ सांस्कृतिक/रामायण पाठ का आयोजन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** शासन के निदेर्शानुसार चैत्र (वासंतिक) नवरात्रि के शुभ अवसर पर आज नवमी तिथि पर जनपद के देवी मंदिरों में पूजा अर्चना एवं विधि विधान के साथ रामायण पाठ/सुन्दर काण्ड का भव्य एवं आकर्षक आयोजन सम्पन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि शासन के मंशा के अनुसार चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर अष्टमी एवं श्रीराम नवमी के शुभ दिवस पर जनपद के राम मंदिरों/हनुमान मंदिरों/देवी मंदिरों/वाल्मीकि मंदिरों/शक्तिपीठों का चयन करते हुए मंदिरों में रामायण/राम



चरित्र मानस में वर्णित सामाजिक मूल्यों व मानवीय गुणों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए तथा बालिकओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भव्यपूर्ण देवी गायन/रामायण पाठ/दुर्गा सप्तशती पाठ से सम्बंधित कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में आज चैत्र नवरात्रि के नवमी दिवस के शुभ अवसर पर खलीलाबाद शहर के राम जानकी मंदिर पर सांस्कृतिक दल महेश मौर्य एण्ड पार्टी कलाकारों द्वारा सुन्दर काण्ड एवं भक्तिपूर्ण देवी गायन/देवी आरती कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी महंत कृष्ण मुरारी दास जी सहित अन्य सम्भ्रान्त व्यक्ति, महिलाएं एवं भक्तगण आदि उपस्थित रहे। उक्त के क्रम में आज नवरात्रि के नवमी के दिन शासन के निदेर्शानुसार जनपद में जिला मुख्यालय सहित सभी तीनों तहसीलों में स्थापित देवी मंदिरों पर पंजीकृत कलाकारों व टीम द्वारा देवी मंदिरों पर देवी गायन एवं शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा को नारी सशक्तिकरण से जोड़ते हुए लोकगीतों के माध्यम से भाव पूर्ण प्रस्तुति की गई। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अवधेश भारती ने जनपद मुख्यालय पर स्थित भव्य रामजानकी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचकर पूजा अर्चना किया तथा इस अवसर पर उन्होंने समस्त जनपदवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना किया। इस अवसर पर नगर पालिक खलीलाबाद से पंकज कुमार, सूचना विभाग से अनिल कुमार सिंह, प्रदुमन यादव, अमित, रामजीत मौर्य सहित भारी संख्या में भक्तगण आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में तहसील मेंहदावल अन्तर्गत दुर्गा माता मंदिर पर सांस्कृतिक दल/कलाकार देवनाथ एण्ड पार्टी द्वारा देवी गायन/सुन्दर काण्ड का भव्य आयोजन किया गया।

# राम नवमी पर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठी गिरिराज तलहटी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज तलहटी गोवर्धन में रामनवमी पर श्री राम के जयकारो गूंज उठी।बड़े बाजार में स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास प्राचीन मन्दिर सीताराम जी के मंदिर में भगवान श्री राम का पंचामृत महा अभिषेक किया गया और आरती की गई।वहीं सीताराम मन्दिर में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का पूजन किया गया।वहीं 12 बजते ही मन्दिर के सेवायत देवेन्द्र कौशिक द्वारा श्री राम की महाआरती उतारी गई।भगवान श्री राम के अभिषेक एवं आरती के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ भी मन्दिर में दिखाई दी।तो वहीं मन्दिर को भक्तो और सेवायतों द्वारा भव्य और आकर्षित सजाया गया।पूरे मन्दिर परिसर में रंग बिरंगे फूल और गुब्बारों से सजाया गया।भगवान श्री राम के जन्म होते ही दर्शन करने आए सभी भक्तो को मन्दिर परिसर में प्रसाद वितरण किया गया।वहीं भक्तो द्वारा बड़े ही आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण किया।राम जन्मोत्सव पर महिला श्रद्धालु युवा बच्चे एवं बुजुर्ग सभी लोग शामिल हुए।और भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए।इस मौके पर सत्येंद्र कौशिक प्रदीप कौशिक दिलीप शर्मा दीनदयाल शर्मा संजय शर्मा कृष्ण कुमार शर्मा देवेन्द्र कौशिक शैलेन्द्र शर्मा मुकेश कौशिक दीपक कौशिक लकी कौशिक अतुल बिक्की नमेश चाविक यमन गोपाल यश अधरा यशवी खुशी एवं महिला भक्तगण मौजूद रहीं।

## बरेली में समलैंगिक प्रेम का रिश्ता टूटा

**बरेली।** दिल्ली में रहने वाली युवती बरेली के भमोरा निवासी फुफेरी बहन से समलैंगिक प्यार में बंध गई। दोनों ने पति-पत्नी की तरह जीवन भर साथ निभाने की कसमें खाई थीं। अब दोनों का भरोसा एक-दूसरे से उठ गया है। इनमें से एक युवती ने एसएसपी दफ्तर पहुंचकर शिकायत की। ममेरी बहन पर मोबाइल फोन और जेवर लेकर भाग जाने का आरोप लगाया। दिल्ली से आई युवती ने बताया कि उसकी बुआ की बेटी काम की तलाश में चार साल पहले दिल्ली गई थी। वहां उसने अपने साथ किराये के कमरे में रख लिया। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगीं। साथ जीने मरने की कसमें खा लीं, लेकिन बीते दिनों से फुफेरी बहन के व्यवहार में बदल आ गया। वह उसका फोन और जेवर चुराकर दिल्ली से भाग आई। जब उसे कॉल किया तो उसने रिसीव नहीं किया।

## केएम विवि में रामनवमी और भाजपा स्थापना दिवस को लेकर हुआ हवन यज्ञ सहित धार्मिक अनुष्ठान



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** आज चैत्र नवरात्रि के नौ वें स्वरूप मां सिद्धिदात्री और रामनवमी को लेकर केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने हवन पूजन किया। विवि में देवी पुराण कथा एवं शतचंडी महायज्ञ पूरे नवरात्र चला आज उसके समापन अवसर पर विवि के कुलाधिपति एवं उनकी पत्नी ने पीजी डाक्टर्स, एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं के साथ हवन यज्ञ में पूणार्हूति अर्पित करते हुए देवी मां की स्तुति की और भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। वहीं भाजपा के स्थापना दिवस पर विवि में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।

हवन यज्ञ में शामिल विवि के रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, पीजी डाक्टर्स, एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के जन्मदिवस पर हमें सत्य, सदाचार, त्याग, मयार्दा, निष्ठा, नैतिकता, सेवा, न्याय व करुणा के महान आदर्श मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। हवन यज्ञ से जहां परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है, वहीं वातावरण में भी शुद्धता आती है, आज रामनवमी एवं भाजपा के 45वें स्थापना दिवस हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व केएम विश्वविद्यालय में देवीपुराण और शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया था, जिसके समापन अवसर पर आज कांशी से आए विद्वान पंडितों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष व विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, उनकी पत्नी संजू चौधरी ने मां सिद्धिदात्री की वैदिक मंत्रों के बीच यज्ञ में आहूति देकर किया।

रामनवमी के अवसर पर विवि के परिसर में रामधुन देरसायं तक गूंजती रही। छात्र-छात्राओं ने राम जन्मोत्सव को लेकर दीपक जलाएं, जिससे पूरा विवि जगमगा गया।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर जिपंअ ने किए धार्मिक आयोजन

भाजपा के 45वीं वर्षगांठ को लेकर पूरे मथुरा सहित प्रदेशभर में भाजपाईयों ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करते हुए श्रीराम प्रभु का जन्मोत्सव मनाया। केएम विश्वविद्यालय परिसर में रामनवमी और स्थापना दिवस पर धार्मिक अनुष्ठानों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने कहा स्वाधीनता के बाद 1951में जब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्यायने जनसंघ बनाया था तब विरोधी उनकी हंसी उड़ातें थे कि यह क्या राजनीति करेंगे और जब 1980 में भाजपा की स्थापना हुई तो उनके ताने बढ़ते गए, उस दौर में अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा, आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है, केन्द्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में भाजपा सरकार है।

## पूणार्नंद घाट में महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई रामनवमी

वेलकम इंडिया

आज ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट, पूणार्नंद घाट में महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में महिलाओं द्वारा चौत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। रामनवमी के पर्व पर गंगा के पावन तट पूणार्नंद घाट पर महिलाओं के लिए समान अवसर, अधिकार एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। पूणार्नंद घाट पर रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया साथ ही पूणार्नंद घाट में महिलाओं ने रामनवमी का पर्व पर भंडारा कर प्रशाद किया और जय जय श्रीराम के नारों से पूणार्नंद घाट गूँज उठा, ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट ने पूणार्नंद घाट में कन्याओं ने किया हवन पूजन साथ ही रामनवमी के पर्व पर विशेष गंगा आरती की गई। देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



## गांवों की खूबसूरती पर रीझे सैलानी

वेलकम इंडिया



**बुगरासी।** अब कल्लू मनाली नैनीताल जैसे अन्य पहाड़ी इलाकों में घूमने के स्थान पर सैलानियों को पेड पौधों की हरियाली और आम के बागों के बीच प्राकृतिक वातावरण खुब निभा रहा है।आज हम आपको जिले बुलंदशहर की तहसील स्याना के बारे में बताने जा रहे हैं।अगर आप यहां घूमने आयें तो आपका मन जाने को नही करेगा। यहां की सुंदरता और प्राकृतिक आवास सभी के मन को मोह लेते हैं।हम बात कर रहे हैं तहसील स्याना के बुगरासी क्षेत्र के बागों में बने रिजार्ट की।।जहां लोग दिल्ली लखनऊ के अलावा विदेशों से भी प्रकृति का आनंद लेने के लिये यहां आते हैं।तरह तरह की किस्म के आमों का आनंद लेते हैं। ऊंचा गांव बने ऐतिहासिक किले सहित कस्बा क्षेत्र में कई रिजार्ट बने हुए हैं। क्षेत्र के गांव बसी बांगर में गंगा मां की गोद मे बने वुडस रिजार्ट में अनेक एडवेंचर्स मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर काचरोट मे बने बागान रिजार्ट में पर्यटक विभिन्न प्रकार की आधुनिक सुविधाओं के साथ प्राकृतिक वातावरण में तनाव मुक्त होते हैं।इसके अलावा बागों के बीच मौजूद रिजार्ट में पर्यटक विभिन्न प्रकार के आमों का भी आनंद लेते हैं।किले मे फिल्मों की सूटिंग भी होती है।

## देवी मंदिरों में पूजा करने भक्तों का उमड़ रहा सैलाब

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बी एस ए कालेज स्थित आनंद पुरी के कोलोनीवासी ने चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना में भक्तगण इन दिनों पूरी तरह से लीन हैं।जिले के देवी मंदिरों में इन दिनों सुबह से ही जलाभिषेक करनें के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।सबसे ज्यादा भीड़ कंकाली देवी मंदिर, देवी मंदिर, अष्टभुजी देवी मंदिरों में भीड़ उमड़ रही है।यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करनें के लिए पहुंच रहे हैं।मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने बताया कि आज 6अप्रैल को चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि का दिन है नवरात्रि के नोवे दिन को सिद्धरात्री के नाम से भी जाना जाता है। आज मां दुर्गा की शक्ति माता जब देवी पार्वती ने शुंभ और निशुंभ नाम के राक्षकों का वध किए तब माता ने अपने बाहरी सुनहरी त्वचा को हटाकर देवी रात्रि का रूप धारण किया था। कालरात्रि देवी पार्वती का उग्र और अति उग्र रूप है। देवी कालरात्रि का रंग गहरा काला है। अपने क्रूर रूप में शुभ या मंगलकारी शक्तिशक्ति के कारण देवी सिद्धिदात्री को देवी शुभंकरी के रूप में भी जाना जाता है।इनके चार हांथ हैं।दाहिने हांथ अभय और वरद मुद्रा में हैं और बांए हांथों में तलवार और घातक लोहे का हुक धारण किए हैं। चैत्र नवरात्र में काफी संख्या में ऐसे भक्तगण हैं जिनके द्वारा पूरी आस्था के साथ इस भीषण गर्मी में ब्रत भी रखा जा रहा है।

ब्रत रखने वाले भक्तगण शाम को मां की पूजा अर्चना करनें के बाद फलाहार करते हैं। मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं। उनके ऊपर बड़ी विपदा भी हो तो उसका अंत हो जाता है। बाहर से भले ही देवी सिद्धिदात्री कठोर नजर आती हैं लेकिन अंदर से वह भक्तों का कल्याण करने में आगे रहती हैं शाम को माता को विदा किया गया उसके बाद भंडारा आयोजित किया गया इस अवसर पर, कपिल सोनी, मीरा गोस्वामी, प्रमोद कुमार,अनुप सिंह, अमरसिंह,कोमल सिंह, विकास खत्री,अलवीर ठाकुर, सुनील गौतम, निक्की गौतम, दिनेश चौधरी,विजय पांडे, राकेश पाण्डेय, धारा सिंह, दीपक गौतम, विपिन कुमार।

## बरेली से मुंबई और बेंगलुरू जाने वाली फ्लाइटों का समय हुआ परिवर्तित

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** इंडिगो एयरलाइंस ने समर शेड्यूल लागू करते हुए मुंबई और बेंगलुरू की फ्लाइट का समय परिवर्तित कर दिया है। शेड्यूल के अनुसार मुंबई फ्लाइट सिविल एन्क्लेव (एयरपोर्ट) का आगमन दोपहर 1.40 बजे और दोपहर 2.20 बजे एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। इसी तरह बेंगलुरू फ्लाइट दोपहर 2.15 बजे एयरपोर्ट आएगी और 2.50 बजे बेंगलुरू के लिए उड़ान भरेगी। अभी मुंबई के लिए बरेली एयरपोर्ट से सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को फ्लाइट अप-डाउन है। इसी तरह बेंगलुरु फ्लाइट सप्ताह में मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को है। इंडिगो के एयरपोर्ट पर तैनात एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि गर्मी में एयर ट्रैफिक बढ़ गया है। जनवरी-फरवरी की अपेक्षा मार्च में भी एयर ट्रैफिक बेहतर रहा। मार्च में मुंबई और बेंगलुरू के लिए कुल 62 उड़ानें परिचालित हुईं। जिसमें 5303 यात्री दोनों शहरों से बरेली आए और 5178 यात्री बरेली से दोनों शहरों के लिए गए थे।

## दहेज के लिए महिला को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** एक महिला ने अपने इंजीनियर पति और ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि ससुरालिया दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। वहीं पति ने जान से मारने की धमकी देकर बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। अब उसके मायके वालों ने भी मदद करने से इनकार कर दिया है। इस मामले को लेकर पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता के अनुसार पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी के एकता नगर कॉलोनी निवासी ऋषभ सक्सेना पुत्र रतन कुमार सक्सेना से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उसकी शादी हुई थी। शादी में उसके पिता ने लगभग 10 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के कुछ समय बाद ही पति ने 10 लाख रुपये नकद और एक कार की मांग करना शुरू कर दिया।

## अवैध खनन निरोधक दल की जिलाधिकारी ने ली बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर गोविन्द मेहता,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम के लिए गठित जिला अवैध खनन निरोधक दल की बैठक संपन्न हुई।जिलाधिकारी ने अवैध खनन की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी भटगांई ने जिला कार्यालय में एंटी इलीगल माइनिंग फोर्स की बैठक लेते हुए तहसील स्तर पर गठित समितियों को भी सक्रिय रहने और अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन से संबंधित शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने उच्च न्यायालय द्वारा अवैध खनन को लेकर जारी किए गए आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश देते है कहा कि न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी देरी के कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि आदेशों के विपरीत किसी भी प्रकार का खनन कार्य संचालित होता पाया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ तत्काल नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## अकबरपुर में मेला के साथ छंद गायन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/चौमुंहा।** गांव अकबरपुर के प्रसिद्ध ब्रजेश्वरी देवी माता मंदिर पर नवरात्रि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को वार्षिक मेला आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने मां के दर्शन कर मनौतियां मांगी। लोगों ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार कराए। कई मंडलियों ने छंद गायन किया। इसमें चौमुंहाँ की तीन और अकबरपुर की दो छंद गायन पार्टियों ने सहभागिता की। समस्त ग्राम समाज की ओर से गांव के प्रधान निहाल सिंह ने स्वाफा बांध कर एवं माता रानी की तस्वीर भेंट कर सभी गायन पार्टियों का स्वागत सम्मान किया। महिला श्रद्धालुओं के टोल के टोल लांगुरिया गाते हुए देवी मां के दर्शन करने पहुंच रहे थे। चौबीसी के भगत दाऊजी सिसोदिया ने मंदिर प्रांगण में मां की जोत जलाई। भक्तों ने यहां पूजा अर्चना कर मनौती मांगी। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पातीराम, भमरा बाबा, चंदन मास्टर, हरिकिशन मास्टर, मुन्ना मास्टर, जमुना मास्टर, हक्को पंडित, जय राम सेठ, डॉ. भरत सिंह, देशराज चौहान, रामू , पीतम, बदन सिंह डीलर, अमर सिंह, भरत सिंह प्रधान प्रतिनिधि, जितेंद्र गुप्ता, विष्णु हिंदुस्तानी, नरेश नेता, धर्मा लंबरदार, सतीश सिसौदिया, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद गायत्री शाखा बरवाला ने गणपति चौक बरवाला में हवन एवं रामनवमी यज्ञ करके किया नव सत्र का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) :** भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा, बरवाला द्वारा गणपति चौक, बरवाला में नव सत्र का शुभारम्भ एक भव्य हवन एवं रामनवमी यज्ञ के आयोजन के साथ किया गया। शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि यह पावन प्रकल्प धार्मिक आस्था, समाज सेवा तथा सांस्कृतिक मूल्यों के समर्पण का प्रतीक रहा। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्रोच्चारण एवं वेदपाठ के साथ हुआ, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिकता से भर गया।इस आयोजन के प्रकल्प प्रमुख बजरंग जैन एवं राकेश मित्तल रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के सदस्यों सहित समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और यज्ञ में आहुति अर्पित कर राष्ट्र कल्याण, समाज उत्थान एवं सुख-समृद्धि की कामना की। गायत्री शाखा के कार्यकारिणी विस्तार की भी घोषणा की गई, सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई और परिषद के सेवा कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संरक्षक साधुराम जाखड, टेक चंद मुदगिल, रामनिवास वर्मा, अध्यक्ष पवन शर्मा, शिव कुमार कौशिक, महिला शाखा संयोजिका गुंजन गोयल, राजेन्द्र भट्ट, मनीष गोयल, ज़िले सिंह, डॉ. परवीन कुमार, दिनेश शर्मा, संजय गोयल, रमेश सिंगला, अमित जैन, वीरेन्द्र वर्मा, कौशल, शिव कुमार सोनी व रिंकू सरदाना आदि उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे सेवाभावी कार्यों की सराहना की और भविष्य में सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## लायंस क्लब बरवाला सिटी ने पंजाबी धर्मशाला बरवाला में लगाया मेडिकल कैंप

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) :** लायंस क्लब बरवाला सिटी ने मेडिकल कैंप का आयोजन पंजाबी धर्मशाला दौलतपुर रोड, बरवाला में किया गया जिसके प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन रोशन घनघस और को चेयरमैन लायन डॉ एस एस बेनीवाल रहे प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन रोशन घनघस ने बताया कि इस कैंप में 350 मरीजों को फ्री दवाई व टेस्ट किए जिसमे सिविल अस्पताल बरवाला की पूरी टीम डेंटल डॉ सीमा सचदेवा व निजी हॉस्पिटल से डॉ अभिषेक सरदाना , डॉ मनोज, डॉ नितेश कुमार सहित उनकी टीम ने निशुल्क अपनी सेवाए दी इस अवसर पर लायन डॉ एस एस बेनीवाल ने सभी आए मेहमानों सुरेंद्र गंगवा, लायन विनीता अग्रवाल, लायन इंदु कनोडिया, वाईस चेयरमैन नगरपालिका तारा चंद नलवा, प्रधान डॉ देशराज वर्मा , लायन वीरेंद्र प्रधान व लायन जितेंद्र उचाना का स्वागत किया क्लब प्रधान लायन राकेश गर्ग ने सभी डाक्टरों व मेहमानों का धन्यवाद किया इस अवसर पर लायन राजेश घनघस, लायन बलजीत मोर, लायन जिले सिंह, लायन कुलदीप कुंडू, लायन सुखदर्शन ढाढा, लायन संदीप गोयल, लायन नवीन काठपाल, लायन सोनू चोपड़ा, लायन शिवकुमार कौशिक व लायन नरेन्द्र पुनियां आदि उपस्थित रहे।

# भगवान श्री राम की शोभा यात्रा बड़े हर्षोल्लास से निकली





**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव बीरबलपुर उर्फ बूढपुर में भगवान श्री राम जी की भव्य शोभा यात्रा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर राम सखा आश्रम बीरबलपुर उर्फ बूढपुर में भगवान श्री राम की राम की भव्य शोभा यात्रा गांव में बड़े हर्षोल्लास के साथ निकल गई। जिसमें ग्राम वासियों ने ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शोभा यात्रा में भगवान श्री राम जी, भगवान शंकर जी व परम पूज्य गुरुदेव जी की झांकियां बहुत ही सुंदर ढंग से सजी हुई है। इस अवसर पर महंत शिवराम शरण महाराज, पंडित लव कुश शर्मा, रविंद्र चौधरी रामवीर चौधरी पंडित शिव शक्ति शरण शर्मा प्रशांत चौधरी लोकेश चौधरी संजीव चौधरी शिव कुमार शर्मा नन्हे सैनी अरुण सैनी प्रकाश सैनी सहित ग्रामवासी रहे।

# कांग्रेस के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष ब्रजेश सेन का किया अभिनंदन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** कांग्रेस के नवनियुक्त शहर अध्यक्ष ब्रजेश सैन का एक कार्यक्रम के दौरान अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के कार्यकताओं ने बृजेश सेन को शहर अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त शहर अध्यक्ष को बधाई दी और संगठन को मजबूत करने करने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। गोविंदपुरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव सचिव किसान कांग्रेस सुनील शर्मा, वरिष्ठ कॉग्रेस नेता भूपेंद्र भारद्वाज, पूर्व नगर अध्यक्ष आशीष शर्मा, अभिनव शर्मा, अय्यूब कुरैशी, चांद वीर चौधरी व अन्य कांग्रेसियों ने पुष्पमाला पहना कर ब्रजेश सैन का अभिनंदन किया और उनके साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने और दलित, पिछड़ो व अगड़ों की लड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया। शहर अध्यक्ष ब्रजेश सैन ने एक माह के भीतर संगठन का गठन कर वंचितों के हकों के लिए सड़कों पर उतरने की बात कही। इस मौके पर अमर सिंह सेन शिवकुमार सेन मनीष शर्मा चांद वीर चौधरी संजय शर्मा अनिल सैनी धर्मेंद्र त्यागी सुरेश दोसा भिखारी लाल कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चित्रगुप्त पार्क समिति द्वारा कायस्थ महासभा के सदस्यों का किया सम्मान

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ )।** चित्रगुप्त पार्क समिति गाजियाबाद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में समिति के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके लिए कायस्थ महासभा के लोगों ने चित्रगुप्त प्राप्त समिति का आभार व्यक्त किया उनको बहुत बहुत बधाई एवं पार्क की प्रगति के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। चित्रगुप्त पार्क में अखिल भारतीय महासभा जनपद गाजियाबाद के शरदवीर कुदेशिया, यू सी सक्सेना, विद्याभूषण सक्सेना, विकल कुलश्रेष्ठ, श्रीमती रागिनी सक्सेना, श्रीमती अन्जू सक्सेना, अविनाश श्रीवास्तव, विनय सक्सेना कौशाम्बी, अभय सक्सेना, दिनेश सक्सेना, कुलदीप सक्सेना, हरीश श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, दया शंकर सक्सेना एवं अन्य ने चित्रगुप्त पार्क के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# भाजपा सभी वर्गों की सच्ची हितैषी, देश के विकास के साथ-साथ किए जनकल्याण के कार्य

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाजपा को सभी वर्गों का हितैषी बताते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है । भाजपा ने देश के विकास के साथ-साथ जनकल्याण कार्य किए हैं। भाजपा के स्थापना दिवस के मौके आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, किसान मोर्चा जिला मंत्री संजय त्यागी, मोदीनगर देहात मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरूण त्यागी, दिनेश आदि कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों के लोगों के हितों के लिए कार्य कर रही है। इसलिए भाजपा सबसे बड़ा संगठन बन गया है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास को लेकर बीजेपी ने आगे बढ़ने का कार्य किया है और आगे सभी वर्ग के हित के कार्य करती रहेगी। इस मौके पर मोदीनगर देहात मंडल के हर बूथ पर जाकर कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और पिछले 8 वर्षों के दौरान पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों की उपलब्धि के बारे में कार्यकर्ताओं को बताया गया।



## कंजको का पूजन करके उनके साथ जन्मदिन मनाया: वासुदेव अरोड़ा



**वेलकम इंडिया**

**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान के चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा ने कंजको का पूजन करके अपना जन्मदिन कैक काटकर कंजकों के साथ मनाया। वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि अपने जन्मदिन पर माँ दूर्गा के रूप में उपस्थित कंजकों का आशिर्वाद पाकर मैं धन्य हो गया। उन्होंने कहा कि कंजको के चरणों को छूने से और उनके चरणों में माथा टेकने से माँ दूर्गा की कृपा मुझपर हो गई इसलिये यह मेरे जीवन का सबसे गौरवशाली क्षण है। वासुदेव अरोड़ा ने कहा कि जिस देश में छोटी-छोटी बेटियों को सारा देश कंजक के रूप में माँ दूर्गा का रूप मानकर पूजता है वहाँ कन्या भ्रूण हत्या अपराध ही नहीं महापाप है इसलिये भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि कन्या भ्रूण हत्या का पाप उस इंसान को ही नही उसके परिवार को महापाप का भागीदार बना देता है और इस पाप से मुक्ति कभी नहीं मिल सकती इसलिये मैं देशवासियों से प्रार्थना करता हूँ कि दुनिया में कभी कन्या के भ्रूण की हत्या जैसा पाप न करें क्योंकि बेटियाँ तो वह रूप हैं कि जिस घर से भगवान खुश होते हैं वहाँ स्वमं बेटी बनकर जन्म लेते हैं। माँ लक्ष्मी की उस घर में सदा कृपा कनी रहती है।

# होली एवं ईदउल फितर मिलन समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर** : ताजपुर के एएचएम हॉस्पिटल के प्रांगण में होली एवं ईदउल फितर मिलन समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद रहे। इस मौके पर क्षेत्र व दूर दराज से आए शायर व कवियों ने शेर व गजलें सुनाईं। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ओमपाल सिंह बालियान, नईम अहमद, हाजी उस्मान, मास्टर गुरचरण सिंह, गौहर इकबाल, इदरीश काजी, नबील मिकरानी, सरदार तरनजीत सिंह आदि आसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामनवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** श्री जगन्नाथ प्रसाद रामकटोरी धर्मार्थ ट्रस्ट के द्वारा रामनवमी के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस बार भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हवन पूजा के बाद श्री जगन्नाथ प्रसाद रामकटोरी धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष मूलचंद गर्ग, पत्नी सुधा गर्ग, पुत्र योगेश गर्ग व विशाल गर्ग, रुचि गर्ग, वैशाली गर्ग द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रेम भाव से प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर सांसद राजकुमार सांगवान, राम किशोर अग्रवाल, सुदेश जैन, पूर्व चेयरमैन अशोक माहेश्वरी, पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ पवन सिंघल, अरविंद अग्रवाल, डॉ आशाराम गुप्ता, मोनू धामा, लोकेश ड्योढ़ी, प्रमोद गोयल, प्रिंस कंसल, अंकुर माहेश्वरी, मनोज शर्मा ठेकेदार आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एएमयू की 12वीं की परीक्षा इशहार रजा ने 87% अंको के साथ किया पास, खुशी की लहर

**संतकबीरनगर।** ब्लॉक के देवरिया लाल निवासी इशहार रजा ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में 87% अंक लाकर अपने गांव एवं जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस बड़ी उपलब्धि सभी उन्हें मुबारकबाद दे रहे हैं। सच्ची लगन और मेहनत हर किसी को एक बेहतरीन परिणाम देती है आज यही परिणाम सेमरियावां ब्लॉक के देवरिया लाल निवासी प्रधान साजिद खान के छोटे भाई शुरू से ही मेधावी छात्रों में शामिल रहे इशहार रजा अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में इंटरमीडिएट के छात्र हैं आज एएमयू ने इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित किया तो इशहार रजा ने 87% अंक लाकर अपने गांव व जिले का नाम विश्व पटल स्तर पर रोशन किया। 87% अंकों से 12वीं की परीक्षा देश की प्रसिद्ध अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पास करने पर इशहार रजा का सपना डाक्टर बनना है जिसके माध्यम से वह समाज के लोगो की मदद करना चाहते हैं। उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर बड़े भाई प्रधान साजिद खान, सहाबुद्दीन, तौफीक अहमद, अजीत चौधरी, टीपू सुल्तान सहित समस्त लोगो ने मुबारकबाद देकर उनके बेहतर मुस्तकबिल की दुआएं दे रहे हैं।



# श्रीमद् भागवत महापुराण इस व्रत भागवत कथा का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

गोंडा 20 अप्रैल से होने जा रहा है श्रीमद् भागवत महापुराण श्री महापुराण में अयोध्या अयोध्या अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्री धर्मदास जी महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण इस व्रत भागवत कथा का आयोजन आयोजन करता पंडित आदित्य शास्त्री द्वारा किया जा रहा है कथा आज श्रीरामजन्म उत्सव (रामनवमी) के उपलक्ष में श्री हनुमत ध्वज स्थापन किया गया क्षेत्र के सभी सम्मानित लोगों के उपस्थिति में आगामी कार्यक्रम श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 20 अप्रैल 2025 के उपलक्ष में सभी को सादर जय सियाराम अयोध्या से मात्र 10 किलोमीटर दूरी गोंडा जोगापुर मैनपुर मैं किया जा रहा है।

## अजय त्यागी ने दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर गाजियाबाद का किया नाम रोशन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर ग्राम सारा निवासी अजय त्यागी ने ऑस्ट्रेलिया के शहर तस्मानिया में हुई ऑस्ट्रेलियन रोइंग चैंपियनशिप में पोस्टमैन वह एक सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अजय भारतीय सेना में तैनात है हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के शहर तस्मानिया में आयोजित रोइंग चैंपियनशिप का 24 से 30 मार्च तक आयोजन किया गया था। जिसमें अजीत त्यागी ने अपनी टीम के साथ भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में विश्व भर से 162 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अजय ने बताया कि उनकी जीत का श्रेय उनके छोटे भाई अवनीश त्यागी और पिता राकेश त्यागी को जाता है और वह आज जो भी है अपने पिता और भाई की वजह से हैं। क्षेत्र में संसाधन न होने पर भी उन्होंने यह कीर्तिमान स्थापित किया है।

## थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गुम/खोए हुए कुल 11 मोबाइल फोन (कीमत करीब 01लाख 79 हजार रुपये) बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गये

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गुम/खोए हुए मोबाइलों के सम्बंध में शिकायत प्राप्त हुई थी कोतवाली नगर पुलिस द्वारा प्राप्त शिकायतो पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 11 मोबाइल बरामद किये गये हैं। कुल बरामद 11 मोबाइल को दिनांक 05.04.2025 को मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामियों द्वारा बुलन्दशहर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया तथा आम जनमानस द्वारा इस सराहनीय कार्य हेतु बुलन्दशहर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।



# एस.आर.एम.आई.एस.टी.में यू एच वी स्वयंसेवकों के राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** एसआरएम स्वयंसेवकों इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर परिसर में आयोजित यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज (यूएचवी) स्वयंसेवक के राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

समापन सत्र की शुरूआत होस्ट संस्थान द्वारा यूएचवी फाउंडेशन के सम्मान के साथ हुई। इसके पश्चात रजुल अस्थाना, पूर्व निदेशक, सेंटर फॉर ह्यूमन वैल्यूज (आईआरसी-यूएचवीई) द्वारा सम्मेलन का सार प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एसआरएमआईएसटी द्वारा यूएचवी फाउंडेशन को उनके सतत प्रयासों एवं अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन की गतिविधियों एवं चचाओं का सारांश प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत 120 से अधिक स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सम्मेलन से प्राप्त प्रेरणा एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, संकाय सदस्यों - राज्य आनंद संस्थान से डॉ. सत्य प्रकाश आर्य, डॉ. कुमार संभव, यूएचवी रिसोर्स पर्सन, डॉ. गोपाल बाबू, एकेजीईटी, प्रोफेसर, गणेश बागरिया, यूएचवी गतिविधियों के प्रमुख मार्गदर्शक को धन्यवाद दिया गया, जिनके अथक प्रयासों से इस यू एच वी कॉन्फ्रेंस को और अधिक प्रभावशाली बनाया गया ह्व इस अवसर पर प्रो. धौम्या भट्ट, डीन, आईक्यूएसी; प्रो. नवीन अहलावत, डीन, विज्ञान एवं मानविकी; तथा प्रो. आर. पी. महापात्रा, डीन, एसआरएम आईएसटी ने सम्मेलन को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने सम्मेलन में प्रस्तुत विचारों की प्रासंगिकता एवं उनके शैक्षणिक और सामाजिक प्रभाव की सराहना की। कार्यक्रम का समापन यूएचवी फाउंडेशन के संस्थापकों द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।



# प्रकृति का अंधाधुंध दोहन बेहद घातक : बोहरा

**वेलकम इंडिया**

**बाड़मेर 06 अप्रैल 2025।** थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से पिछले कई वर्षों से लगातार एक घर एक पौधा अभियान चलाया जा रहा है। जिस कड़ी में अब संस्थान की ओर से नीम को बढ़ावा देने के लिए संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में हर ढ़ाणी नीम अभियान 11 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। साथ ही आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने को लेकर भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि थार के मरूस्थल में पेड़-पौधे के प्रति अमाजन में जागरूकता लाने विशेषकर नीम को बढ़ावा देने को लेकर संस्थान की ओर से अभियान हर ढ़ाणी नीम के माध्यम से प्रथम चरण में सांसियों का तला में 500 पौधे लगाये जायेंगे। अमन ने बताया कि पौधारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जायेगा। जिस प्रकार प्रकृति का अन्धाधुन्ध दोहन किया जा रहा है, वो आने वाले कल के लिए बेहद ही घातक साबित होने वाला है।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा मीनामल धर्मशाला में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसमें सांसद अतुल गर्ग ने भाग लेकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राम नवमी भगवान विष्णु के सातवें अवतार, भगवान राम के जन्मदिवस के रूप में मनाई जाती है, जो वसंत ऋतु में चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन पड़ती है। सुंदरकांड पाठ के उपरांत,





शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और रामलीला कमेटी के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को कमेटी द्वारा पुराने शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों रामभक्तों ने भाग लिया। शहरवासियों ने गर्मजोशी से शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की और 'जय श्रीराम' के जयकारों से बाजार गूंज उठा। इस अवसर पर एमएलसी दिनेश गोयल, उस्ताद अशोक गोयल, अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश प्रधान, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी, मंत्री प्रदीप मित्तल, लेखा परीक्षक रविन्द्र मित्तल, रामनवमी मंत्री नितिन मित्तल, वीरों बाबा, राजेन्द्र मित्तल मेंदी वाले, ज्ञान प्रकाश गोयल, सुबोध गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सुभाष गुप्ता, दिनेश शर्मा बब्बे, मनोज गोयल बंटी, पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, राकेश स्वामी, राजेंश बंसल, सुनील गुप्ता, राधवेंद्र, नंदकिशोर नंदू, सुभाष बजरंगी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी गाजियाबाद में रामलीला के आयोजन के लिए प्रसिद्ध है।

## देवी मंदिर में हवन, शोभायात्रा और भंडारे का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बाला त्रिपुर सुन्दरी देवी मंदिर, दिल्ली गेट में रविवार को आयोजित नौ दिवसीय हवन एवं श्री शत चंडी महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माँ भगवती के चरणों में आहुति अर्पित की।

पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हवन की पूर्णाहुति मंदिर के महंत गिरीशानंद गिरि महाराज द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि 6 मार्च से 6 अप्रैल तक विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना, हवन, कन्या पूजन एवं अन्य धार्मिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर में भी विशेष रूप से कन्या



पूजन एवं भव्य हवन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने आहुति देकर पुण्य प्राप्त किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर 5 अप्रैल को दोपहर 3 बजे देवी मंदिर से भव्य पंखा शोभायात्रा निकाली गई, जो डासना गेट, रमतेराम रोड, गंज राइट, बजरिया, घंटाघर, चौपला मंदिर, नवयुग मार्केट होते हुए पुनः देवी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में घोड़े, रथ, बैंड-बाजे और तासों के साथ सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत एवं पूजन कर भक्ति का परिचय दिया।

## संक्षिप्त खबर

### शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो सर्जिकल ब्लेड से साले-जीजा पर हमला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र में शराब के लिए रुपए नहीं देना एक युवक और उसके जीजा को महंगा पड़ गया। गुस्साए दोनों युवक ने साले और जीजा के शरीर पर सर्जिकल ब्लेड से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना साहिबाबाद में दी तहरीर में अंजली पत्नी सुमन कुमार सिंह निवासी प्लाट नंबर 209 गली नंबर-4 मैन श्याम पार्क मोहन नगर ने कहा कि 4 अप्रैल को रात्रि 10 बजे मेरा भाई रोहित कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी 209 फ्लैट नंबर-5 अपने काम से वापस आ रहा था तो दास फैक्टरी ओम भोजनालय के पास मोहित पंडित पुत्र सुनील निवासी गली नंबर-4 मैन श्याम पार्क मोहन नगर व अजय पुत्र जगन्ननाथ निवासी गली नंबर-2 शहीद प्यारेलाल कालोनी मोहन नगर मिले और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे और उसकी तलाशी ली और पैसे ना देने पर उसके साथ मारपीट कर रहे थे। मेरे पति सुमन कुमार सिंह धीरज को उसके घर छोडने के लिए जा रहे थे तो जैसे ही यह लोग एलआर कालेज मैन श्याम पार्क मोहन नगर के पास पहुंचे तो मोहित पंडित व अजय रुक्र कालेज के पास ही खडे मिले तो मेरे पति सुमन कुमार ने मोहित से पूछा कि क्या बात हो गई थी।

### शराब के ठेके के विरोध में स्थानीय जनता का जोरदार प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित मैक्स हॉस्पिटल के समीप खोले जा रहे शराब के ठेके के विरोध में रविवार को स्थानीय निवासियों द्वारा जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक तथा सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद मनोज गोयल, सुभाष शर्मा, अवधेश कटियार, डॉ. राजकुमार, लक्ष्मीकांत, नीलम, नरेंद्र वर्मा, शिव शंकर उपाध्याय, दिनेश लाखेड़ा सहित अन्य स्थानीय निवासी भी उपस्थित रहे। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि अस्पताल के पास शराब का ठेका खुलना पूरी तरह अनुचित है और इससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था और सामाजिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने भी जोरदार विरोध जताया और प्रशासन से ठेका हटाने की मांग की।

### महिला को मारपीट कर बेहोशी की हालत में गंगनहर पटरी पर फेंका

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव अबूपुर में महिला को मारपीट कर बेहोशी की हालत में गंगनहर पटरी पर फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अबूपुर निवासी विकास ने चार साल पहले गांव निवासी साहिबा से परिजनों की मर्जी के बिना शादी की थी। साहिबा के पिता के पास किसी का फोन आया कि तुम्हारी बेटी गंगनहर पटरी पर बेहोश की हालत में पड़ी है। सूचना पर जब मौके पर पहुंचे तो साहिबा वहीं मिली। इसके बाद महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। होश आने पर महिला ने बताया कि पति विकास ने बेहरमी से पिटाई की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जर्नी प्लानर फीचर एकीकृत एवं सुविधाजनक यात्रा की ओर एक सशक्त कदम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नमो भारत यात्रियों की यात्रा को अधिक सुविधाजनक और सुगम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत मोबाइल एप में एक नया और आकर्षक फीचर यात्रा नियोजक की शुरूआत की है। इस सुविधा के माध्यम से यात्री एक ही डिजिटल मंच पर नमो भारत और मेट्रो नेटवर्क में अपनी पूरी यात्रा की योजना बना सकते हैं, सबसे उपयुक्त एवं सरल मार्ग का चयन कर सकते हैं तथा एक



ही स्थान से आसानी से भुगतान कर यात्रा बुकिंग पूरी कर सकते हैं। यह कदम यात्रियों के लिए एकीकृत और सहज यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास है। इस सुविधा के अंतर्गत यात्री नमो भारत एप पर अपनी आरंभिक और अंतिम स्टेशन की जानकारी दर्ज कर स्मार्ट रूट की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एप उन्हें सबसे तेज और कुशल मार्ग सुझाता है, जिसमें यात्रा की अनुमानित अवधि, आवश्यक इंटरचेंज और पूरी यात्रा का मानचित्र भी प्रदर्शित होता है। इस सुविधा में नमो भारत, मेट्रो और पहले तथा अंतिम मील की यात्रा भी सम्मिलित है। इसकी सबसे विशेष बात यह है कि यात्री नमो भारत और मेट्रो दोनों के टिकट एक ही मंच से बुक कर सकते हैं, जिससे अलग-अलग एप या प्लेटफॉर्म पर जाकर टिकट लेने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यात्री नमो भारत एप पर ही यात्रा का अनुमानित किराया देखकर एकल एवं सुरक्षित भुगतान कर सकते हैं।

## हीट वेव से बचाव की तैयारी तेज, अस्पतालों में विशेष प्रबंध

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शासन स्तर से जारी सख्त निदेर्शों का अनुपालन करते हुए हीट वेव से बचाव की तैयारी तेज कर दी गईं हैं। जिला एमएमजी अस्पताल में 15 बेड का हीट वेव वार्ड बनाया गया है। इसमें एक कोल्ड रूप भी बनाया गया है। इसमें हीट वेव से प्रभावित मरीज को रखा जाएगा। इसके अलावा अधिक तापमान वाले मरीजों को ठंडे पानी से नहलाने के लिए बाथ टब का विशेष रुप से इंतजाम किया गया है। सीएमएस डा. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि ओपीडी के अलावा इमरजेंसी में पहुंचने वाले हीट वेव के प्रभावित मरीजों को तुरंत हीट वेव वार्ड में भर्ती कराया जाएगा। जरूरत पडे पर कोल्ड रूप में रखकर चिकित्सक की निगरानी में इलाज किया जाएगा। वार्ड में चिकित्सक, स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वाय, वार्ड आया, स्वीपर की ड्यूटी का रोस्टर जारी कर दिया गया है। पर्याप्त दवाएं वार्ड में उपलब्ध रहेंगी। वार्ड में पर्दे भी लगाये गये हैं। इस वार्ड में फ्रिज भी लगाया गया है। 24 घंटे आइसपैक का इंतजाम रहेगा।

## शिक्षा के बाजारीकरण को रोकने के लिए एकजुट हो अभिभावक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शिक्षा के बाजारीकरण को रोकने और निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन (जीपीए) सभी अभिभावकों से एकजुट होने की अपील की है। एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने रविवार को मीडिया से कहा कि अभिभावक संगठित नहीं हुए तो शिक्षा आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर हो जाएगी और एक विशेष वर्ग तक सीमित रह जाएगी। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा विशुद्ध रूप से व्यापार बन



गई है और इसका बोझ सीधा अभिभावकों की जेब पर पड़ रहा है। अभिभावक स्कूलों के लिए एटीएम बन गए हैं। सरकार ने सभी स्कूलों में एनसीईआरटी का कोर्स लगाने का आदेश जारी किया हुआ है, बावजूद इसके निजी स्कूल प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें लगाकर कक्षा एक से 12 तक का कोर्स 10 हजार से लेकर 15 हजार तक में बेच रहे हैं, जबकि एनसीईआरटी का कक्षा एक से 12 तक का कोर्स अधिकतम 1500 रुपए का है।

तय दुकानों से कोर्स खरीदने को मजबूर कर रहे हैं और कई स्कूल अपने परिसर में कोर्स बेच रहे हैं जो कि उत्तर प्रदेश में 2018 में बना फीस अधिनियम का सरासर उल्लंघन है। अधिकारी भी सब जानते हुए खामोश हैं। ऐसे में अभिभावकों को स्कूलों की इस लूट पर अंकुश लगाने के लिए एक साथ आना चाहिए।

## डीएलएफ कॉलोनी में दूषित पानी की सप्लाई से लोग परेशान

वेलकम इंडिया

- डीएलएफ कॉलोनी में दो हजार से अधिक लोग रहते हैं।

**गाजियाबाद।** भोपुरा की डीएलएफ कॉलोनी में एक माह से लंबे समय से लगातार दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इससे कॉलोनी में 300 से अधिक घरों में रहने वाले लोग परेशान हैं। आरोप है कि शिकायत करने पर अधिकारी आश्वासन देते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। स्थानीय निवासी मनोज कुमार ने बताया कि कॉलोनी में एक माह से गंदा व बदबूदार पानी सप्लाई किया जा रहा है। कॉलोनी के निवासी रिजवान ने बताया कि सीवर और पानी की पाइप लाइन दोनों लीक है, जिससे पानी में गंदगी और दुर्गंध आती है। इससे लोगों को बाहर से बोतल बदं पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे लोगों की जेब पर अतिरिक्त भर पड़ रहा है। इससे कॉलोनी में 300 से अधिक घर प्रभावित है। अब्बास अली ने बताया कि नगर निगम में शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। यह पानी इतना गंदा और बदबूदार है कि इस पानी को पीना तो दूर कोई घर के काम में भी प्रयोग नहीं कर सकता है। पानी की नई पाइपलाइन डाली गई थी, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। इलाके में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है।

### माता वैष्णो मंदिर में अखंड रामायण पाठ व हवन के बाद हुई शोभायात्रा की शुरूआत

**गाजियाबाद।** डीएलएफ कॉलोनी स्थित माता वैष्णो मंदिर में रामनवमी के शुभ अवसर पर रविवार को भव्य आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ और हवन के पश्चात एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा में घोड़ों से सजे रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की जीवंत झांकियां प्रस्तुत की गईं। इसके अलावा, ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में विभिन्न झांकियां सजाई गई, जिनमें डीजे और बैंड की धुनों पर हजारों भक्तगण, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग झूमते नजर आए। शोभायात्रा के मार्ग में स्थित अपार्टमेंट्स की बालकनियों से लोगों ने पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा डीएलएफ कॉलोनी के डी–1 ब्लॉक से प्रारंभ होकर सी और सी–1 ब्लॉक, मध्य मार्ग, भगत सिंह चौक, न्यू अग्रवाल स्वीट्स, लालगडि ?ा होते हुए पुन: मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन करते हुए अपनी आस्था और उल्लास का प्रदर्शन किया। श्री सनातन धर्म मंदिर समिति के अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित शोभायात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह शोभायात्रा हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता देखकर हृदय आनंदित है।

### तेज रफ्तार अज्ञात ने वाहन बाइक सवार को कुचला

**गाजियाबाद।** फरीदनगर पिलखुवा मार्ग पर गांव दतैड़ा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बाइक सवार को कुचला दिया। जिस कारण उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। कैलाश कॉलोनी निवासी चन्द्रप्रकाश जिला हापुड के पिलखुवा स्थित बिजली बस स्टेशन में तैनात थे। गत दो अप्रैल को वह बाइस से डयूटी जा रहे थे। जब वह पिलखुवा फरीदनगर मार्ग पर गांव दतैड़ी के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

## शराब पर ओवर रेटिंग रोकने के लिए ग्राहकों से सीधे संवादः हर दुकान पर अधिकारी के नंबर प्रदर्शित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला आबकारी विभाग की टीमें शनिवार रात एक्शन मोड में रहीं। जनपद में शराब दुकानों पर ओवर रेटिंग की बढ़ती शिकायतों पर सख्त रुख अपनाते हुए आबकारी विभाग ने एक नई और प्रभावशाली रणनीति लागू कर दी है। अब दुकानों पर गुप्त रूप से 'टेस्ट परचेजिंगज्के साथ-साथ ग्राहकों से विक्रेताओं की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर सीधा फीडबैक लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य शराब बिक्री में पारदर्शिता लाना और उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के



प्रति सजग बनाना है। 1 अप्रैल से लागू हुई नई आबकारी नीति के अंतर्गत जनपद में खुली नई दुकानों के विक्रेताओं को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी गई है। विक्रेताओं को यह भी कहा गया है कि यदि ओवर रेटिंग या ग्राहक के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें मिलीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्राहक अगर शराब की बोतल पर अंकित मूल्य से अधिक पैसा वसूलने, अमानवीय व्यवहार या किसी तरह की असुविधा का सामना करता है, तो वह तुरंत विभाग को सूचित कर सकता है। शनिवार रात को आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा, अखिलेश बिहारी वर्मा, त्रिवेणी प्रसाद मौर्य, अखिलेश कुमार डॉ राकेश त्रिपाठी और अनुज वर्मा की टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण करते हुए न केवल दुकानदारों की गतिविधियों पर नजर रखी बल्कि वहां मौजूद ग्राहकों से भी सीधा फीडबैक लिया।

अब सभी दुकानों के बाहर आबकारी अधिकारी और संबंधित क्षेत्रीय निरीक्षक के मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से लिखे गए हैं ताकि कोई भी ग्राहक बिना झिझक अपनी शिकायत सीधे दर्ज कर सके। आबकारी विभाग की यह पहल ना सिर्फ ओवर रेटिंग पर नकेल कसने में सहायक होगी, बल्कि जनपद में पारदर्शिता, उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और अवैध व्यापार पर लगाम के एक बड़े कदम के रूप में देखी जा रही है।

**कार्यक्रम** स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय को सजाकर भाजपा का ध्वजारोहण किया

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 45वां स्थापना दिवस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा के नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय में रविवार को पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपना स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मना रही है, जिसमें महानगर भी सक्रिय रूप से सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु





महानगर स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। कार्यकताओं ने अपने घरों पर भी पार्टी का झंडा फहराया। इसके अतिरिक्त, महानगर स्तर पर भाजपा की सफल राजनीतिक यात्रा से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। मयंक गोयल ने बताया कि 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए स्थान निर्धारित कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। महानगर अध्यक्ष के अनुसार, इन सम्मेलनों में भाजपा के चुनावी और संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा पर चर्चा होगी। बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बूथ समिति के सदस्य, पन्ना प्रमुख, प्राथमिक और सक्रिय सदस्य, तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। प्रेस वार्ता के दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विधायक नंद किशोर गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, महामंत्री राजेश त्यागी, जितेंद्र चित्तौड़ा, राजेंद्र बाल्मीकि, कौमुदी चौधरी, महानगर कार्यक्रम संयोजक बॉबी त्यागी, अमित त्यागी, गुंजन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आईटीएस में समग्र-2025 का भव्य आयोजन, 50 संस्थानों के 1000 से अधिक छात्रों ने दिखाया जलवा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस के सूचना प्रौद्योगिकी (लगातार चार बार राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा प्रत्यायित एमसीए पाठ्यक्रम) विभाग द्वारा रविवार को बारहवें अन्तर्महाविद्यालय समारोह समग्र- 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल दस प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया गया था जिनमें एकल गायन, एकल नृत्य, सी प्रोग्रामिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, कहानी वाचन, खोज प्रतियोगिता, चलचित्र निर्माण, रंगोली, सूचना प्रौद्योगिकी प्रश्नोत्तरी तथा पोस्टर निर्माण शामिल थे। इस कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ एंटनी सटर, प्रस्ताव प्रमुख, आईबीएम क्लाउड, टेक्सास, ह्यूस्टन, अमेरिका, सूचना प्रौद्योगिकी तथा स्नातक विभाग के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडे, एमसीए विभाग की संयोजिका प्रो पूजा धर, सह-संयोजिका प्रो स्मिता कंसल तथा आयोजन समिति के सदस्य प्रो सौरभ सक्सेना द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।